Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 106 ● वर्ष : 14 ● रायपुर, बुधवार 28 अक्टूबर 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार



आज लोकतंत्र को सम्हालने वालों का तैयार करने वालों की आवश्यकता है जो इस भारत के लोकतंत्र को सही दिशा प्रदान कर सकें।

Today we need such people who can prepare defenders of democracy who in turn can give right derection to Indian democracy.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

छत्तीसगढ़ कैबिनेट के 19 बड़े फैसले, 3100 रुपये में धान खरीदी

■ बिजली बिल में राहत, कर्मचारियों को कैशलेस इलाज

रायपुर (विश्व परिवार)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 27 अक्टूबर 2026 को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। इनमें 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने, घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को राहत जारी रखने, सरकारी कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने, पर्यटन और खेल विकास के लिए नए मिशन शुरू करने सहित 19 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसके अलावा रेलवे परियोजना, सड़क निर्माण, औद्योगिक निवेश और सरकारी जमीनों के पुनर्विकास को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

राज्य में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू होगी। सरकार ने 27.50 लाख से अधिक किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से धान खरीदने का निर्णय लिया है। पिछले वर्ष एग्रीस्टेक आईडी के साथ पंजीकृत किसानों को दोबारा पंजीयन कराने की जरूरत नहीं होगी। एग्रीस्टेक में पंजीयन होने पर किसानों को धान बेचने के लिए समिति में अलग से ऋण पुस्तिका लाने की आवश्यकता भी नहीं होगी। डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से धान के रकबे का ऑनलाइन निर्धारण किया जाएगा। वास्तविक किसानों से धान खरीदी सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक व्यवस्था लागू होगी। किसानों की सुविधा के लिए 360 नए उपार्जन केंद्र शुरू किए जाएंगे। इसके बाद प्रदेश में कुल 3100 केंद्रों पर धान खरीदी की जाएगी।

बिजली बिल में राहत मार्च 2027 तक बढ़ी

मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान यानी एम-ऊर्जा योजना के तहत घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक बिजली बिल में मिल रही रियायत जारी रहेगी। योजना का लाभ लेने के लिए 400 यूनिट तक मासिक बिजली खपत की पात्रता अवधि 30 सितंबर 2026 से बढ़ाकर 31 मार्च 2027 कर दी गई है। सरकार के इस फैसले से लगभग 7.25 लाख घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिलती रहेगी।

सरकारी कर्मचारियों को कैशलेस इलाज

राज्य के शासकीय कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवारों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। नई व्यवस्था के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों में कर्मचारियों और उनके परिवारों को कैशलेस उपचार मिलेगा। इलाज के दौरान अस्पताल में पूरा खर्च स्वयं चुकाने और बाद में प्रतिपूर्ति के लिए लंबी प्रक्रिया से गुजरने की जरूरत नहीं होगी। पूर्व-अनुमोदन और चिकित्सा दावों की प्रक्रिया ऑनलाइन तथा डिजिटल माध्यम से की जाएगी। इससे गंभीर बीमारी और आपातकाल की स्थिति में कर्मचारियों के परिवारों को आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है।

पर्यटन विकास मिशन पर 500 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना

छत्तीसगढ़ में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन को मंजूरी दी गई है। इसे अगले पांच वर्षों तक संचालित करने की योजना है, जिसके लिए लगभग 500 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित है। मिशन के तहत पर्यटन स्थलों पर बेहतर सड़क संपर्क, बुनियादी सुविधाएं, सुरक्षा और स्वच्छता विकसित की जाएगी। होमस्टे, निजी निवेश और पर्यटन आधारित उद्यमों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। सरकार को उम्मीद है कि इससे स्थानीय युवाओं, महिलाओं और स्व-सहायता समूहों के लिए रोजगार तथा स्वरोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने में मदद मिलेगी।

अभिषेक शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रचा इतिहास

■ भारत ने 3-0 से सीरीज जीती

■ टी20 में रिकॉर्ड्स की लगाई लाइन

वेलिंगटन। भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मंगलवार को हेनरी स्टेडियम में खेले गए टी20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में 113 रन की तूफानी पारी खेली। 38 गेंदों की अपनी पारी में उन्होंने 11 छक्के और 9 चौके लगाए। इस दौरान अभिषेक ने वैभव सूर्यवंशी के साथ 7.1 ओवर में 133 रन की साझेदारी की। इस पारी के साथ अभिषेक ने कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। यह टी 20 क्रिकेट में अभिषेक शर्मा का 11वां शतक था। इस सूची में क्रिस गेल 22 शतकों के साथ शीर्ष पर हैं। बाबर आजम 13 शतकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। क्विंटन डी कॉक, विराट कोहली और डेविड वॉर्नर 10-10 शतकों के साथ संयुक्त रूप से चौथे पायदान पर हैं। अभिषेक पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में संयुक्त रूप से दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। ग्लेन मैक्सवेल और रोहित शर्मा 5-5 शतकों के साथ शीर्ष पर हैं। करनबीर सिंह, फिल सॉल्ट, सूर्यकुमार यादव और अभिषेक शर्मा 4-4 शतकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे पायदान पर हैं।

फुल-मेंबर टीमों के बीच सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में अभिषेक पहले से ही शीर्ष पर हैं। उन्होंने 2026 में अफगानिस्तान के खिलाफ 30 गेंदों में शतक जड़ा था। न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन में 35 गेंदों में शतक लगाकर वह इस सूची में संयुक्त रूप से तीसरे पायदान पर भी पहुंच गए। डेविड मिलर और रोहित शर्मा ने भी 35-35 गेंदों में शतक लगाया है। सिकंदर रजा 33 गेंदों में शतक के साथ दूसरे पायदान पर हैं। अभिषेक ने इस मुकाबले में अपनी पहली ही गेंद पर छक्का लगाया। वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार पहली गेंद पर छक्का लगाने वाले बल्लेबाज हैं। अभिषेक ने 8 बार यह कारनामा किया है। अफगानिस्तान के शफीकुल्लाह शिनवारी 6 बार के साथ दूसरे और सूर्यकुमार यादव 5 बार के साथ तीसरे स्थान पर हैं। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ हेनरी स्टेडियम में खेले गए टी20 सीरीज के तीसरे मुकाबले को 6 विकेट से अपने नाम किया।

सी. पी. राधाकृष्णन ने रूसी संसदीय प्रतिनिधिमंडल से की मुलाकात

■ 2030 तक 100 अरब डॉलर के व्यापार लक्ष्य पर जताया भरोसा

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने मंगलवार को नई दिल्ली में रूसी संघ की संघीय सभा के निचले सदन स्टेट ड्यूमा के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोडिन के नेतृत्व वाले संसदीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों, आर्थिक सहयोग, आतंकवाद के खिलाफ साझा प्रयासों और संसदीय आदान-प्रदान को मजबूत करने पर चर्चा हुई। राधाकृष्णन ने विश्वास जताया कि भारत और रूस वर्ष 2030 तक सालाना द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य हासिल कर लेंगे। सी. पी. राधाकृष्णन ने व्याचेस्लाव वोलोडिन और उनके साथ आए रूसी संसदीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। उन्होंने स्टेट ड्यूमा के अध्यक्ष के रूप में दोबारा चुने जाने पर वोलोडिन को बधाई दी। साथ ही, सितंबर 2026 में स्टेट ड्यूमा के नौवें कार्यकाल के लिए हुए चुनावों के सफल आयोजन पर भी शुभकामनाएं दीं।

भविष्य की तकनीकों के निर्माण में दुनिया का नेतृत्व करे भारत: पीएम मोदी

■ विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत के बढ़ते सामर्थ्य को दर्शाती है

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत अब विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दूसरे देशों की उपलब्धियों को अपनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि देश का लक्ष्य भविष्य की तकनीकों का विकास करना, उनमें नवाचार को बढ़ावा देना और दुनिया की समस्याओं के समाधान तैयार करना है। उन्होंने कहा कि भारत के युवा जिस कौशल के साथ आगे बढ़ रहे हैं और उनमें जिस तरह का आत्मविश्वास दिखाई दे रहा है, वह उत्साह बढ़ाने वाला है।

नई दिल्ली में आयोजित इमर्जिंग साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों पहले भारत के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी का अर्थ दूसरे देशों की तुलना में आगे बढ़ने की कोशिश करना था। उस समय दुनिया में विकसित होने वाली तकनीक कुछ वर्षों बाद भारत पहुंचती थी और देश उसे अपनाने या उसमें सुधार करने का प्रयास करता था। हालांकि, 21वीं सदी का भारत नई सोच और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत का लक्ष्य देश और दुनिया के लिए नई तकनीकें विकसित करना, उनकी दिशा तय करना और वैश्विक समस्याओं के समाधान देने की क्षमता हासिल करना है। भारत को भविष्य की तकनीकों को अपनाने के साथ साहस के साथ नवाचार करने और उनके निर्माण में दुनिया का नेतृत्व करने की जरूरत है। पीएम नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश अपने पहले ही प्रयास में मंगल ग्रह तक पहुंचने में सफल रहा। भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र तक भी पहुंचा, जहां इससे पहले कोई देश नहीं पहुंच पाया था। उन्होंने कहा कि ये उपलब्धियां विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत के बढ़ते सामर्थ्य और आत्मविश्वास को दर्शाती हैं।

बस्तर ओलम्पिक 2026 की तैयारियां समयपूर्व पूर्ण करें : कमिश्नर डोमन सिंह

■ ब्लॉक एवं जिला स्तरीय स्पर्धाओं के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश

जगदलपुर (विश्व परिवार)। कमिश्नर बस्तर संभाग श्री डोमन सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बस्तर ओलम्पिक 2026 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संभाग के सभी जिलों में आयोजन से संबंधित तैयारियों को समयपूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलम्पिक युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारने, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने और खेल के माध्यम से सकारात्मक वातावरण निर्मित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। इसके मद्देनजर सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दें।

बैठक में संभाग के सभी जिलों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों से तैयारियों की जानकारी लेते हुए कमिश्नर ने ब्लॉक स्तरीय एवं जिला स्तरीय खेल स्पर्धाओं के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने खेल मैदानों की तैयारी, खेल विधाओं के अनुरूप आवश्यक सामग्री, प्रतिभागियों की सुविधाओं तथा आयोजन से जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं को निर्धारित समय-सीमा के पहले पूर्ण करने पर जोर दिया। कमिश्नर श्री डोमन सिंह ने बस्तर ओलम्पिक में अधिकाधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के युवाओं तक आयोजन की जानकारी पहुंचाई जाए तथा स्कूलों, कॉलेजों, आश्रम-छात्रावासों, ग्राम पंचायतों और स्थानीय स्तर पर युवाओं को प्रोत्साहित कर निर्धारित तिथि 30 अक्टूबर तक अधिकाधिक प्रतिभागियों का पंजीयन कराया जाए।

मंत्रालय घेरने निकले किसानों को पुलिस ने बीच में रोका

■ गोबर खाद को बढ़ावा देने, बकाया भुगतान समेत 10 मांगें

रायपुर (विश्व परिवार)। तूता धरना स्थल पर मंगलवार को किसानों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। मंत्रालय का घेराव करने निकले सैकड़ों किसानों को पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। इसके बाद किसानों ने ज्ञापन सौंपा और वापस लौट गए। किसानों ने खदानों का भी विरोध किया। उनकी 10 मांगों में केमिकल खाद की जगह गौवर्धन खाद को बढ़ावा देना भी शामिल है। किसान धान बोनस, समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी, बकाया भुगतान और सिंचाई परियोजनाओं से जुड़ी मांगों को लेकर जुटे थे। किसानों ने साल 2022-23 की धान खरीदी का बकाया 1700 करोड़ रुपए तत्काल देने की मांग की है।

भारतीय किसान संघ के धमतरी जिला अध्यक्ष लालाराम चंद्राकर ने कहा कि सरकार की घोषणा के बाद भी किसानों को पूरा भुगतान नहीं मिला है। केंद्र सरकार की ओर से बढ़ाई गई समर्थन मूल्य की राशि भी किसानों को दी जानी चाहिए। कुरुद से आए किसान राज कुमार सिन्हा ने कहा, 'अधिकारी नहीं आए, तो हमें प्रदर्शन करने से रोका गया। हमें अपना रास्ता तय करने देना चाहिए। हमारी मांगों को भी तुरंत पूरा किया जाना चाहिए।' खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले से पहुंचीं महिला किसान लुकेश्वरी जंघेल ने कहा कि वे 10 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन में शामिल हुई हैं। उनके क्षेत्र में चूना पत्थर की खदान के खिलाफ भी विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। किसान नवीन शेष ने कहा कि किसानों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

इजरायल में अहम 'नेसेट' चुनावों के लिए किया मतदान

यरूशलम। नेसेट सदस्यों को चुनने के लिए इजरायल में वोटिंग जारी है। इस चुनाव में लगभग 73 लाख (7.3 मिलियन) लोग मतदान करने के पात्र हैं। मंगलवार को राष्ट्रपति आइजैक हर्जोग, बेन ग्विर समेत कई हस्तियों ने अपने मतों का प्रयोग किया। चुनाव से ठीक पहले आए अंतिम ओपिनियन पोल के अनुसार, मौजूदा प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के गुट और इजरायल डिफेंस फोर्स के पूर्व प्रमुख गादी आइसेनकोट की 'यशार' पार्टी के नेतृत्व वाले विपक्षी गुटों के बीच कड़ा मुकाबला होने के संकेत हैं। 'द टाइम्स ऑफइजरायल' की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर दोनों पक्ष अपने चुनावी वादों पर कायम रहते हैं तो किसी भी पक्ष को संसद में बहुमत मिलने की संभावना कम है।

डॉ. मोहन भागवत को मिलेगा 'महाकवि आचार्य विद्यासागर अलंकरण', आज भोपाल में होगा समारोह

■ राष्ट्रीय एकता, जीवदया एवं मानव कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए किया जाएगा सम्मानित

भोपाल (विश्व परिवार)। परम पूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज की पावन प्रेरणा एवं उनके आध्यात्मिक, साहित्यिक और मानवीय आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्थापित 'महाकवि आचार्य विद्यासागर अलंकरण' से इस वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक श्रद्धेय डॉ. मोहन भागवत जी को सम्मानित किया जाएगा। अलंकरण समारोह 28 अक्टूबर 2026 को भोपाल में आयोजित होगा। यह आयोजन परम पूज्य पट्टाचार्य श्री 108 समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं सान्निध्य में संपन्न होगा।

'महाकवि आचार्य विद्यासागर अलंकरण' की स्थापना आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के स्वर्णिम पदारोहण वर्ष 2023-24 के अवसर पर संस्कारधानी जबलपुर में की गई थी। इस अलंकरण का उद्देश्य आचार्य श्री के पवित्र विचारों, आदर्शों एवं लोककल्याणकारी भावनाओं को अपने कार्यों के माध्यम से साकार करने वाले विशिष्ट व्यक्तित्वों का सम्मान करना है।

आयोजकों के अनुसार, डॉ. मोहन भागवत जी ने राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता, भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण, जीवदया एवं मानव कल्याण जैसे विषयों के प्रति अपने विचारों और कार्यों से महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन्हीं व्यापक राष्ट्रीय एवं सामाजिक सरोकारों के लिए उन्हें इस प्रतिष्ठित अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा।

डॉ. मोहन भागवत जी का सार्वजनिक जीवन राष्ट्रसेवा, सामाजिक संगठन और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन से जुड़ा रहा है। उनके योगदान को सम्मानित करना राष्ट्रहित, सामाजिक सद्भाव और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पण का अभिनंदन है।

समारोह में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के जीवन-दर्शन, साहित्य-साधना, आध्यात्मिक चिंतन तथा मानव कल्याण के संदेश को भी रेखांकित किया जाएगा। आचार्य श्री ने अपने जीवन और साधना के माध्यम से अहिंसा, संयम, करुणा, जीवदया एवं भारतीय संस्कृति के मूल्यों को व्यापक प्रतिष्ठा प्रदान की।

इस आयोजन का संयोजन विद्यासागरोदय (विद्यायतन) समाधि स्मारक समिति एवं चंद्रगिरि तीर्थक्षेत्र, डोंगरगढ़ (छत्तीसगढ़) से जुड़े आयोजकों द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों ने इस अलंकरण समारोह को आचार्य श्री के आदर्शों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने तथा राष्ट्र एवं समाज के लिए समर्पित व्यक्तित्वों के योगदान का अभिनंदन करने का महत्वपूर्ण अवसर बताया है।

रेल संरक्षा के सजग प्रहरियों को महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने किया सम्मानित



बिलासपुर। रेल परिचालन में संरक्षा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सजगता एवं बेहतर संरक्षा कार्य में सहभागिता निभाने वाले रेल संरक्षा के सजग प्रहरी कर्मचारियों का सम्मान महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा हर माह आयोजित संरक्षा बैठक के दौरान किया जाता है। इसी कड़ी में आज दिनांक 27 अक्टूबर, 2026 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कार्यरत संरक्षा कोटि के 04 कर्मचारियो को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय संरक्षा संबंधी कार्य निष्पादन के लिए महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश के द्वारा सम्मानित किया गया ।

स्टेशन मास्टर के पद पर सिलयारी स्टेशन में पदस्थ कर्मचारी श्री आनंद प्रकाश उपाध्याय ने ड्यूटी के दौरान आत्महत्या के इरादे से ट्रैक पर कूदी एक महिला का क़ीमती जीवन बचाया । अत: ट्रेन का सुरक्षित परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित हुई।

150 किमी. की रफ्तार से आगे बढ़ रहा चक्रवात अर्नब

■ आंध्र और ओडिशा में भारी बारिश शुरू, एमपी-यूपी और बिहार में भी अलर्ट

भुवनेश्वर। बंगाल की खाड़ी में चक्रवात अर्नब 150 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। इसके 28 अक्टूबर की सुबह बापटला और विशाखापत्तनम के बीच तट से टकराने की आशंका है। आंध्र प्रदेश के 16 जिलों में भारी बारिश का रेडअलर्ट जारी किया गया है। तटीय इलाकों में लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाया गया है। आंध्र-ओडिशा में करीब 4,000 शेल्टर बनाए गए हैं। विजयवाड़ा और विशाखापत्तनम हवाई अड्डों पर मंगलवार और बुधवार को 21 उड़ानें रद्द कर दी गईं। आंध्र-ओडिशा में भारी बारिश शुरू हो गई है। समुद्र में नौकाएं ले जाने पर पाबंदी लगा दी गई है। स्कूल भी बंद हैं। मौसम विभाग ने तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पुडुचेरी, बिहार और उत्तर प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। अंडमान-निकोबार सहित तटीय इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

तूफान अर्नब का असर, 4 जिलों में रेड अलर्ट

मौसम विभाग ने 28 और 29 अक्टूबर को प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। चक्रवाती तूफान अर्नब के बुधवार को ओडिशा-आंध्र प्रदेश तट से टकराने की आशंका है। दक्षिण छत्तीसगढ़ में 60 से 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और कुछ जगहों पर 200 मिमी तक बारिश होने की संभावना है। 28 अक्टूबर के लिए चार जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, रायपुर समेत कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। लचक्रवात 'अर्नब' के असर को देखते हुए बस्तर के स्कूलों में कल छुट्टी घोषित कर दी गई है। वहीं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ने किसानों के लिए मौसम आधारित सलाह जारी की है।

एनआईटी रायपुर में यूथ कॉन्क्लेव सह राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

रायपुर (विश्व परिवार)।राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर ने भारतीय राष्ट्रीय इंजीनियरिंग अकादमी के सहयोग से 27 अक्टूबर 2026 को मल्टीडिसिप्लिनरी इंजीनियरिंग एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी पर आयोजित द्विदिवसीय यूथ कॉन्क्लेव सह राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन समारोह आयोजित किया। समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में डॉ. समीर बाजपेयी, निदेशक (प्रभारी), एनआईटी रायपुर; डॉ. राजीव प्रकाश, निदेशक, आईआईटी भिलाई; डॉ. रोहित कुमार गुप्ता, निदेशक, डॉ. एस. सान्याल, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण तथा डॉ. अर्चना शर्मा, सहायक प्रोफेसर, एनआईटी रायपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. संजीव कुमार, सहायक प्राध्यापक, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग ने की। इस अवसर पर सम्मेलन के समन्वयक, संकाय सदस्य एवं प्रतिभागी भी उपस्थित थे।डॉ. समीर बाजपेयी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा प्रतिभागियों के प्रयासों, समर्पण और प्रस्तुत विचारों की सराहना की।

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्र./ 87 / न.पा.नि./ योजना/2026-27 — बीरगांव, दिनांक 23/10/2026

// मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना//

नगर पालिक निगम बीरगांव द्वारा इको फ्रेंडली फ्लैक्स, बैनर एवं इको फ्रेंडली विनाईल प्रिंटिंग, शिलान्यास / लोकार्पण पत्थर, मोमेंटो डिजाईनिंग, प्रिंटिंग एवं लगाने सहित कार्य (अनुमानित लागत रू. 8.45 लाख) हेतु इच्छुक फर्मों से पंजीकृत डॉक / स्पीड पोस्ट से तीन लिफाफा पद्धति में सीलबंद निविदाएं आमंत्रित हैं। निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि 16.11.2026 अपरान्ह 3.00 बजे तक। प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि 16.11.2026 सायं 4.00 बजे। निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट **www.nagarnigambirgaon.com** अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

आयुक्त

दिवाली पर किसानों की खुशियां छीनने पर तुली है सरकार :कांग्रेस

रायपुर। भाजपा सरकार पर किसानों से वादाखिलाफी और षड्यंत्रकारी नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि छत्तीसगढ़ का अन्नदाता गहरी पीड़ा और संकट के दौर से गुजर रहा है। जिस धान और किसानी के बूते छत्तीसगढ़ की संस्कृति और अर्थव्यवस्था धड़कती है, उसी अन्नदाता के साथ भाजपा सरकार क्रूर मजाक कर रही है। सिर पर दीपावली का त्योहार है, लेकिन किसानों के घरों में अंधेरा है। सरकार ने चुनाव से पहले बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन आज हकीकत यह है कि किसान रकबा कटौती के षड्यंत्र, टोकन और तौल की धांधली का शिकार हो रहा है। हम मांग करते हैं कि सरकार तत्काल 3358 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ का एकमुश्त भुगतान और दिवाली से पहले एडवांस सुनिश्चित करे, अन्यथा कांग्रेस पार्टी राज्यभर के किसानों के साथ सड़क से सदन तक आर-पार की लड़ाई लड़ेगी।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./36601/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 27-10-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36601
वार्ड का नाम-48- गुरू घासीदास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 48 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR344C00165** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ABDUL IKBAL** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O LT. ABDUL GAFFAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **मोहम्मद अहमद** पिता/पति श्री/श्रीमती **पिता - श्री मोहम्मद अनवर उर्फ कल्लू भाई** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मलमा बिक्रीनामा एवं शपथ पत्र प्रस्तुत** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री खीर सागर नायक
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./36602/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 27-10-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36602
वार्ड का नाम-12- कालीमाता वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 12 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR330E00099** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **OMPRAKASH AGRAWAL** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O CHOTTELAL AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. श्रीमती शारदा बाई अग्रवाल 2. सुनील कुमार अग्रवाल 3 सत्यनारायण अग्रवाल 4. लता अग्रवाल** पिता/पति श्री/श्रीमती **1. पति - स्व. ओम प्रकाश अग्रवाल 2&3, 4 पिता - स्व. ओम प्रकाश अग्रवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री खीर सागर नायक
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./36573 /न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2026
रायपुर दिनांक : 27-10-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36573
वार्ड का नाम-40- पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 40 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR569I00492** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **1. SATYENDRA BISEN S/O INDRAJEET BISEN 2. RAJKUMAR BISEN S/O INDRAJEET BISEN 3. MAMTA PAWAR S/O INDRAJEET BISEN** पिता/पति, श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SATYENDRA BISEN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. INDRAJEET BISEN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./36598 /न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2026
रायपुर दिनांक : 27-10-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36598
वार्ड का नाम- 67- भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR567F00606** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MEHTARU RAM SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAGATU RAM SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **REKHA GOYAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BRAJBHAN GOYAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./36599/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2026
रायपुर दिनांक : 27-10-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36599
वार्ड का नाम- 66- वामन राव लाखे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 66 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR566E00516** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SHAIL MAHADIK , SUNIL MAHADIK , SANDHYA MAHADIK ,MAYA MAHADIK , MAMTA MAHADIK** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. YASHWANT RAO MAHADIK** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KIRAN MAHADIK** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NARAYAN RAO MAHADIK** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./36597/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2026
रायपुर दिनांक : 27-10-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36597
वार्ड का नाम- 66- वामन राव लाखे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 66 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR664D00065** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **KUNDAN SINGH THAKUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MANNU SINGH THAKUR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. ISHA VERMA 2.NEHA VERMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **TEKURAM VERMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
E-mail ID - rmczone7@gmail.com

पत्र क्र./36627/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 27-10-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36627
वार्ड का नाम-37- शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 37 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR516E00396** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GANESH VASUDEV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BALDEV PRASAD VASUDEV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती शानो वासुदेव** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. संजु वासुदेव** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र/मलमा विक्रयनामा पत्र** वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
डॉ. तृप्ति पाणिग्रही
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-7
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
E-mail ID - rmczone7@gmail.com

पत्र क्र./36628/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 27-10-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36628
वार्ड का नाम-25- संतराम दास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 25 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR819A00260** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RANI DHRUVWANSHI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAKESH DHRUVWANSHI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHRI RAKESH DHRUVVANSHI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SW MANBODHI DHRUVVANSHI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र/मलमा विक्रयनामा पत्र** वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
डॉ. तृप्ति पाणिग्रही
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-7
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
E-mail ID - rmczone7@gmail.com

पत्र क्र./36614/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 27-10-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36614
वार्ड का नाम-36- तात्यापारा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 36 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR738C00107** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MO. SAYID** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KURBAN ALI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **नजरे अब्बास** पिता/पति, श्री/श्रीमती **मोहम्मद सईद** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र / दान विलेख** वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
डॉ. तृप्ति पाणिग्रही
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-7
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
E-mail ID - rmczone7@gmail.com

पत्र क्र./36616/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 27-10-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36616
वार्ड का नाम-36- तात्यापारा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 36 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR738C0107A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MO. SAID** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KURBAN ALI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **नजरे अब्बास** पिता/पति, श्री/श्रीमती **मोहम्मद सईद** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र / दान विलेख भवन अनुज्ञा** /वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
डॉ. तृप्ति पाणिग्रही
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-7
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
E-mail ID - rmczone7@gmail.com

पत्र क्र./36620/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 27-10-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36620
वार्ड का नाम-25- संतराम दास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 25 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR819D00128** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ISHWAR LAL SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MOHIT RAM SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती अनुसूईया साहू** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. ईश्वर लाल साहू** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र / मृत्यु प्रमाण पत्र,**/वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
डॉ. तृप्ति पाणिग्रही
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-7
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./36422/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 23-10-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36422
वार्ड का नाम-64-डॉ. विपिन बिहारी सूर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 64 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR656C00241** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GAJENDRA KUMAR SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LAKHAN LAL SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **कुंती बाई सोनकर** पिता/पति, श्री/श्रीमती **प्रेमलाल सोनकर** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, आधार कार्ड, मलमा बिक्रीनामा व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती दिव्या चंद्रवंशी
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./36622/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 27-10-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36622
वार्ड का नाम-60 चंद्रशेखर आजाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652F00630** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SARLA SONDHIYA** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. ALOK VERMA S/O LT. ROSHAN LAL VERMA 2 VIVEK VERMA S/O LT. ROSHAN LAL VERMA** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O LT. ROSHAN LAL VERMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **SHAPATH PATRA, SAHMATI PATRA AND DEATH CERTIFICATE OR PANCHNAMA** / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./36625/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 27-10-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36625
वार्ड का नाम-60 चंद्रशेखर आजाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652G0641A** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **NAKUL RAM YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SALIK RAM YADAV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RESHMA KHAN** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O KAJIM KHAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./36621/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 27-10-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36621
वार्ड का नाम-60 चंद्रशेखर आजाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR652G0927B** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **RAZZAK KHAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MOMIN KHAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SAYRA BANO** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O MO AKHTAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./36623/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 27-10-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36623
वार्ड का नाम-62 शहीद राजीव पाण्डे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 62 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR650B00061** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **1. ASHA SONI, 2. JYOTI SONI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O SUNIL SONI, W/O SURJEET SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1.AMRIT DEWANGAN 2.JANKI DEWANGAN** पिता/पति श्री/श्रीमती **1.RAMESH DEWANGAN 2.SHUBHAM DEWANGAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **SHAPATH PATRA AND BIKRI NAMA** / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./36416/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 23-10-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36416
वार्ड का नाम-43-ब्राम्हणपारा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 43 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR758B00210** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BHAIYA LAL KASAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **सुधा कसार पति स्व. रमेश कुमार कसार, हर्षवर्धन कसार, पिता स्व. भैय्यालाल कसार, पुनीता कसार, पति स्व. महेश कसार, ज्योति कसार, पति स्व. दिनेश सिंग कसार, व मुकेश कसार, पिता स्व.बी. एल. कसार** पिता/पति, श्री/श्रीमती **N/A** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **आवेदन पत्र, शपथ पत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, संपत्तिकर रसीद व अन्य दस्तावेज** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती दिव्या चंद्रवंशी
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./36632/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 27-10-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36632
वार्ड का नाम- 28- शहीद हेमू कलाणी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 28 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR235F00017** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **GRISH, VIJAY AHUJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMCHANDRA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती रीतु छाबड़िया पति - श्री महेश छाबडिया पिता - स्व. श्रीराम चन्द्र आहूजा** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री संतोष पाण्डेय
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./36633/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 27-10-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36633
वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR737D00109** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **VIJAY MUDGAL S/O RAMNIWAS MUDGAL , PAYAL MUDGAL W/O ANOOP MUDGAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती हर्षा हरिरामानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **श्री वासुदेव हरिरामानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री संतोष पाण्डेय
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./36533/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026
रायपुर, दिनांक 27-10-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36533
वार्ड का नाम-15 कन्हैयालाल बाजारी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 15 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR108D00301** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ARUN KUMAR SHUKLA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE RAM PRATAP SHUKLA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **GUPTESHWAR PRASAD SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O LATE. RAMJI LAL SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अंशुल शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./36535/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026
रायपुर, दिनांक 27-10-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36535
वार्ड का नाम-4 यतीयतनलाल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 4 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR104D00660** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAJLI SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GAJANAND SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SUJATA VERMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O LAKHESHWAR VERMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अंशुल शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./36585/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026
रायपुर, दिनांक 27-10-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36585
वार्ड का नाम- 17 ठक्कर बापा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 17 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR108B00607** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **REETU JAIN , NARESH JAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NARESH KUMAR , DEVENDRA KUMAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **CHAMPA SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O RILESH KUMAR SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अंशुल शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./36534/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026
रायपुर, दिनांक 27-10-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36534
वार्ड का नाम- 16 वीर शिवाजी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107I00650** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DEBASHISH DEY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PARIMAL DEY** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHAHNAJ BEGAM** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O ABDUL ASMAD** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अंशुल शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

चांदनी बिहारपुर मौसम ने बदली करवट, किसानों को सता रही धान की फसल खराब होने की चिंता

चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में बारिश की आशंका से किसान चिंतित, जिला प्रशासन ने जारी किया अलर्ट; आपात स्थिति के लिए 24 घंटे कंट्रोल रूम चालू

सूरजपुर/बिहारपुर (ब्यूरो दैनिक विश्व परिवार)-सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में मंगलवार से मौसम का मिजाज बदलने लगा है। मौसम में आए बदलाव और संभावित बारिश की आशंका ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र में धान की कटाई का काम जारी है। कुछ किसानों की धान की फसल कट चुकी है, जबकि कई किसानों की फसल खेतों में पककर तैयार खड़ी है। ऐसे में यदि तेज बारिश होती है, तो किसानों को धान की फसल खराब होने और आर्थिक नुकसान उठाने की आशंका सता रही है।

किसानों का कहना है कि इस समय धान की फसल कटाई के लिए तैयार है। कई किसान कटाई कर चुके हैं, जबकि कुछ किसानों की फसल अभी खेतों में ही खड़ी है। मौसम खराब होने से कटाई और मिंजाई का काम प्रभावित हो सकता है। खेतों में खड़ी फसल के साथ कटाई के बाद रखे धान को भी नुकसान पहुंचने की चिंता बनी हुई है। किसानों को आशंका है कि लगातार बारिश होने पर धान की बालियां भीग सकती हैं और फसल की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।

चक्रवात के मद्देनजर जिला प्रशासन अलर्ट- इधर, मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 से 30 अक्टूबर 2026 के बीच अर्नव चक्रवात के प्रभाव से सूरजपुर जिले में संभावित अतिवृष्टि, जलभराव, बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने आवश्यक तैयारियां की हैं।

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देशन में आपदा संबंधी सूचनाओं के त्वरित संकलन, समन्वय और जरूरतमंदों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए संयुक्त जिला कार्यालय भवन, सूरजपुर के प्रथम तल पर कक्ष क्रमांक एच-12/88 में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम आगामी आदेश तक 24 घंटे संचालित रहेगा। इसके सुचारू संचालन और निगरानी के लिए संयुक्त कलेक्टर श्री प्रशांत कुमार कुशवाहा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

आपात स्थिति में इस नंबर पर करें संपर्क- जिला प्रशासन ने आपातकालीन सहायता के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07775-266116 जारी किया है। संभावित आपदा से निपटने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सतर्क रहने तथा जरूरत पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रशासन ने आम नागरिकों से मौसम संबंधी सावधानियां बरतने, नदी-नालों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने और किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम को देने की अपील की है।

किसानों को सतर्क रहने की जरूरत- मौसम में आए बदलाव को देखते हुए किसानों को सलाह दी जाती है कि वे मौसम की स्थिति पर नजर रखें और जहां संभव हो, कटी हुई धान की फसल को सुरक्षित स्थान पर रखें। खेतों में कटाई के लिए तैयार फसल को लेकर भी सतर्कता बरतें, ताकि संभावित बारिश से नुकसान कम किया जा सके।

फिलहाल चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के किसानों की नजर मौसम पर टिकी हुई है। किसानों को उम्मीद है कि मौसम जल्द साफ होगा और वे समय पर धान की कटाई एवं मिंजाई का काम पूरा कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री का प्रस्तावित दौरा 28 अक्टूबर को नगर पंचायत प्रेम नगर में तैयारियों का कलेक्टर एवं एसपी ने लिया जायजा

सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का 28 अक्टूबर को सूरजपुर जिले के नगर पंचायत प्रेमनगर में आगमन प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम के दृष्टिगत कलेक्टर श्रीमती रेना जमील एवं पुलिस अधीक्षक श्री योगेश पटेल ने आज नगर पंचायत प्रेमनगर पुष्प वाटिका के समीप कार्यक्रम स्थल पहुँचकर तैयारियों का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंच, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, आवागमन, हेलीपैड स्थल, सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण शिलान्यास किया जायेगा।जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विभागीय स्टॉल लगाई जाएगी। पात्र हितग्राहियों को सामग्री वितरण किया जाएगा। तीरंदाजी प्रतियोगिता, युवा संवाद आयोजन सहित दिव्यांजनों हेतु शिविर भी लगाई जाएगी

कलेक्टर श्रीमती जमील ने उपस्थित सभी अधिकारियों को सभी तैयारियाँ निर्धारित तिथि से पूर्व समयबद्ध रूप से पूर्ण करने को कहा ताकि कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं गरिमामय ढंग से संपन्न हो सके। इस अवसर पर जिला पंचायत श्री विजेंद्र सिंह पाटले,अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, प्रशांत कुशवाहा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे

वेदांता पावर की पहल से 200 से अधिक ग्रामीणों को मिली नि:शुल्क नेत्र जाँच की सुविधा

मालखरौदा: वेदांता पावर सक्ती थर्मल पावर प्लांट ने देशव्यापी 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 'प्रोजेक्ट आरोग्य' के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के मालखरौदा में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आयोजित इस शिविर में 200 से अधिक लोगों की आंखों की जांच की गई तथा लगभग 170 लोगों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप चश्मे वितरित किए गए। शिविर का आयोजन सक्ती की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल के समन्वय में किया गया, ताकि ग्रामीणों को उनके घर के निकट ही आवश्यक नेत्र चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र चिकित्सा सुविधाओं तक सीमित पहुंच के कारण दृष्टि-संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान नहीं हो पाती, जिससे वहां के लोगों को पढ़ने-लिखने, पढ़ाई करने और आजीविका से जुड़े दैनिक कार्यों में कठिनाइयां आती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए शिविर के माध्यम से ग्रामीण समुदाय के लोगों तक नेत्र जांच और दृष्टि सुधार संबंधी सुविधाएं पहुंचाई गईं, ताकि समस्याओं की पहचान कर उन्हें उचित परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

इस अवसर पर वेदांता पावर लिमिटेड के सीईओ एवं पूर्णकालिक निदेशक, राजिंदर सिंह आहूजा ने कहा, +हमारा प्रयास है कि स्थानीय लोगों की जरूरतों को समझकर उनके जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में काम किया जाए। इस नेत्र जांच शिविर में ग्रामीणों की भागीदारी बताती है कि लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना कितना जरूरी है। प्रोजेक्ट आरोग्य के माध्यम से हम समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ा रहे हैं। वेदांता पावर सक्ती थर्मल पावर प्लांट के मुख्य परिचालन अधिकारी देवेंद्र कुमार पटेल ने कहा, +समय पर आंखों की जांच और सही नंबर का चश्मा दैनिक गतिविधियों को अधिक सहज और सुविधाजनक बनाता है। मालखरौदा में शिविर में 200 से अधिक ग्रामीणों की नेत्र जांच की गई, और उन्हें ज़रूरत के अनुसार चश्मे दिए गए। इस तरह हमने नेत्र देखभाल सेवाओं को उनके लिए सुलभ बनाया है। आने वाले समय में भी हम अपने आस-पास के समुदायों में इस तरह की सेवाएं पहुंचा कर उन्हें सशक्त बनाते रहेंगे शिविर से लाभान्वित शंकर यादव की आंखों की जांच के दौरान संक्रमण की पहचान हुई, जिसके बाद उन्हें आवश्यक आई ड्रॉप उपलब्ध कराई गई। उन्होंने इस देखभाल और सहयोग के लिए वेदांता पावर के प्रति आभार व्यक्त किया।

स्तन कैंसर जागरूकता माह पर रायपुर में गुलाबी रंग में रंगा शुभ डायग्नोस्टिक सेंटर × क्योरबे

रायपुर। स्तन कैंसर जागरूकता माह के मौके पर अश्वनी नगर, महादेव घाट रोड स्थित शुभ डायग्नोस्टिक सेंटर × क्योरबे की इमारत इस अक्टूबर गुलाबी रोशनी से जगमगा रही है। यह रोशनी रायपुर के लोगों को साफसंदेश देती है कि बीमारी का जल्दी पता चलने से जान बचाई जा सकती है। इस अभियान के साथ ही शुभ डायग्नोस्टिक सेंटर सोनोमैमोग्राफी पर फ्लैट 15% छूट* भी दे रहा है, ताकि शहर भर की महिलाओं के लिए ब्रेस्ट स्क्रीनिंग आसान और सुलभ हो सके।

स्तन कैंसर जागरूकता: जल्दी पहचान से बचती है जान भारत में महिलाओं में होने वाला सबसे आम कैंसर स्तन कैंसर है, और आज भी इसके कई मामले देर से पकड़ में आते हैं। अगर शुरुआती चरण में ही इसका पता चल जाए, तो इलाज कहीं ज्यादा कारगर होता है और मरीज के ठीक होने की संभावना काफी बढ़ जाती है। दुनिया भर में अक्टूबर को स्तन कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है, जिसका प्रतीक गुलाबी रिबन है। अपनी इमारत को गुलाबी रोशनी से सजाकर शुभ डायग्नोस्टिक सेंटर × क्योरबे चाहता है कि घरों और दफ्तरों में स्व- परीक्षण, नियमित स्क्रीनिंग और समय पर डॉक्टरी सलाह को लेकर बातचीत शुरू हो। सोनोमैमोग्राफी (ब्रेस्ट अल्ट्रासाउंड) एक सुरक्षित, दर्दरहित और रेडिएशन-मुक्त इमेजिंग जाँच है। इसका इस्तेमाल अक्सर गांठ की जाँच करने, घने ब्रेस्ट टिश्यू को परखने और मैमोग्राफी के पूरक के तौर पर किया जाता है, और कम उम्र की महिलाओं को आमतौर पर यही जाँच कराने की सलाह दी जाती है।

श्याम सलोना परिवार का भव्य तृतीया वार्षिक उत्सव में उमड़े श्रोता वर्ग

भक्ति मधुर भजनों ने लोगों को थिरकने पर किया मजबूत

सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)-श्याम सलोना विश्रामपुर का तृतीय वार्षिक आयोजन भक्ति भाव एवं श्याम रस के बीच में हुआ संपन्न। जानकारी के अनुसार उक्त धार्मिक आयोजन में लोकप्रिय भक्ति गायक राहुल शर्मा, संदीप शर्मा, कल्याणी मित्तल की मधुर भक्ति गीतों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक चलता रहा श्याम रस का प्रवाह लोग झूमते रहे थिरकते रहे। शरद पूर्णिमा के दिन बिश्रामपुर के अग्रसेन भवन में बड़ी धूमधाम से बाबा श्याम के मधुर भजनों से प्रसिद्ध गायक संदीप शर्मा, कल्याणी मित्तल, राहुल शर्मा के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दे कर बाबा श्याम के जीवंत संगीतमय प्रस्तुति ने रात भर सुल्तान को बांधे रखा लोग भजन ताल पर झूमते रहे। इस प्रकार श्याम सलोना परिवार का तृतीया वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। भक्ति संगीत संध्या से पूर्व बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया गया तथा 56 भोग बाबा को समर्पित किया गया। श्याम रसोई प्रसाद वितरण के साथ ही तृतीय वार्षिक उत्सव हुआ संपन्न। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में समिति के सुमित मित्तल ,राहुल सिंघल, मनोज गोयल,विष्णु अग्रवाल, सनी अग्रवाल,,शुभम अग्रवाल यश अग्रवाल आशुतोष जिंदल, राहुल मित्तल , नवीन गोयल ,अमन गर्ग, गौरव अग्रवाल, जगदीश सिंघल, मयंक गोयल ,सौरभ सिंह, श्रीमती नेहा तायल, श्रीमती सोनिया सिंघल आदि सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान था । आयोजन समिति के सदस्यों ने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं कलाकारों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

जिला स्तरीय महिला एवं पुरुष वॉलीबाल प्रतियोगिता का हुआ शंखनाद

युवाओं को नशा से दूर एवं खेल से जुड़ने का सुनहरा अवसर

गोपाल सिंह विद्रोही

सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)-एमेच्योर वॉलीबाल संघ व खेल एवं युवा कल्याण विभाग सूरजपुर के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय महिला एवं पुरूष वॉलीबाल प्रतियोगिता वर्ष 26 का हुआ शंखनाद।

जानकारी के अनुसार राजस्व अनुविभागीय अधिकारी सूरजपुर श्रीमती शिवानी जायसवाल, एसईसीएल भटगांव पर्सनल मैनेजर अरुण कुमार सिंह, एमेच्योर वॉलीबाल जिला सचिव रामश्रृंगार यादव अन्य अतिथियों की उपस्थिति में उपस्थिति में जनपद पंचायत भैयाथान के ग्राम लक्ष्मीपुर खेल मैदान किया गया।

25 अक्टूबर से प्रारंभ दो दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 21 टीमों ने हिस्सा लिया है, जिसमें 16 पुरूष व 5 महिला वॉलीबाल की टीम शामिल है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच पुरूष वर्ग से पकनी व भटगांव के मध्य खेला गया, जिसमें पकनी की टीम से भटगांव को 15-13 से हराकर अपना पहला जीत दर्ज किया। सूरजपुर एमेच्योर वॉलीबाल एसोसिएशन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवाओं में बढ़ते नशे की लत को रोकने लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसके लिये युवाओं को खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ साथ सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। राजस्व अनुविभागीय अधिकारी सूरजपुर श्रीमती शिवानी जायसवाल के ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर रायगढ़ में आयोजित राज्यस्तरीय टुर्नामेंट जीतने हेतु अग्रिम शुभकामनायें दी । एसईसीएल भटगांव पर्सनल मैनेजर अरूण कुमार सिंह के ने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों के भविष्य व उनके खेल के लिये बहुत अच्छा है। वॉलीबॉल का खेल को छोटे-छोटे बालक-बालिकायें प्रतियोगिता में भाग ले रही है, जो बहुत ही अच्छी बात है। खेल के माध्यम बच्चे नशा से दूर रहेगें और अपना अच्छा विकास कर सकेगें। श्री रामश्रगार यादव के द्वारा कहा गया कि वॉलीबाल संघ सूरजपुर के द्वारा लगातार जिले में इस प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिससे खिलाड़ियों अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय व राज्य स्तर तक पहुँच चुके है। खिलाड़ियों अपनी पूर्ण निष्ठा के साथ अपना बेहतर प्रदर्शन कर रहे है। वॉलीबाल सिर्फ एक खेल नही, एक एकता, अनुशासन और विश्वास का खेल है। खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी गई। एमेच्योर वॉलीबाल संघ कोषाध्यक्ष राजनाथ गुप्ता के द्वारा वॉलीबॉल खेल से जुड़ी आवश्यक जानकारी देकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान इस दौरान सहायक जिला क्रीडा अधिकारी शारतेन्दू शुक्ला, एसईसीएल भटगांव प्रमुख एच शानू, जिला मिडिया प्रभारी राजेन्द्र पासवान,

यातायात सूरजपुर प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय, पुलिस चौकी करंजी प्रभारी विशाल मिश्रा, ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर सरपंच श्रीमती कौशल्या मरकाम, संयुक्त सचिव दिनेश साहू, रविन्द्र सिंह, अनिल बाजपेयी, रेफरी मोतीलाल, धर्मपाल रजक, मुन्ना राजवाडे, प्रमोद, आशा प्रसाद रजक, हरि राजवाडे, खिलावन सिंह, भुवन सिंह सहित सैकड़ों खेलप्रेमी उपस्थित रहे। जिला स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों व क्षेत्रवासियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार

बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ रायपुर ने पूरे किए तीन साल, कपल्स को पर्सनलाइज्ड फर्टिलिटी केयर देने का सफर जारी

रायपुर: बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ रायपुर ने अपनेसेंटर की तीसरी वर्षगांठ मनाई। इस अवसर पर सेंटर की ओर से क्षेत्र में फर्टिलिटी केयर और जागरूकता बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों कोरेखांकित किया गया। सेंटर में इनफर्टिलिटी से जुड़े जटिल मामलों में दोनोंपार्टनर्स की विस्तृत जांच, एडवांस्ड रिप्रोडक्टिव तकनीकों और उनकी मेडिकलजरूरतों के अनुसार ट्रीटमेंट प्लान तैयार करने पर ध्यान दिया जाता है। यहउपलब्धि फर्टिलिटी से जुड़ी सही जानकारी को बढ़ावा देने, समय पर मेडिकलसलाह लेने के लिए प्रोत्साहित करने और लोगों को अपनी रिप्रोडक्टिव हेल्थ सेजुड़े सोच-समझकर फैसले लेने में मदद करने की दिशा में सेंटर के निरंतर प्रयासोंको भी दर्शाती है। डॉ. नमिता चंद्रा वर्मा, कंसल्टेंट एंड सेंटर हेड, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ रायपुर ने कहा, जब कोई कपल कई सालोंसे प्रेग्नेंसी के लिए प्रयास कर रहा होता है, तो पहले कराए गए ट्रीटमेंट कीजानकारी आगे की योजना बनाने में मदद करती है। इस मामले में पुरुष पार्टनर केसीमेन में स्पर्म की अनुपस्थिति और एग्स में देखी गई असामान्यताओं, दोनों कोध्यान में रखना जरूरी था। डोनर स्पर्म का इस्तेमाल, एग्स और एम्ब्रियो कासावधानीपूर्वक आकलन और फ्रोजन एम्ब्रियो ट्रांसफर इस पर्सनलाइज्ड ट्रीटमेंटअप्रोच का हिस्सा थे। ट्रीटमेंट से जुड़े सभी फैसले कपल की क्लिनिकल स्थितिको ध्यान में रखकर लिए गए। सेंटर में देखे गए जटिल मामलों में एक 26 वर्षीय महिला का मामला भी शामिलथा, जो सात साल से प्रेग्नेंसी के लिए प्रयास कर रही थीं। सेंटर आने से पहले वहओव्यूलेशन को बढ़ावा देने वाले ट्रीटमेंट के कई साइकल करा चुकी थीं। उनकीजांच में एंटी-म्यूलरियन हार्मोन (AMH) लेवल 2.37 ng/mL पाया गया। एम्ब्रियोलॉजी असेसमेंट में एग्स की गुणवत्ता से जुड़ी समस्याएं और कईअसामान्यताएं भी सामने आईं। उनके पार्टनर में एजोस्पर्मिया का पता चला, जिसमें सीमेन सैंपल में स्पर्म मौजूद नहीं होते। महिला ने सर्जरी के जरिए स्पर्मप्राप्त करने की प्रक्रिया नहीं कराने का फैसला लिया, इसलिए ट्रीटमेंट में डोनरस्पर्म का इस्तेमाल किया गया।

स्कैम करने वालों की अब खैर नहीं : ट्रूकॉलर लाइट भारत में लेकर आया है सिर्फ 10 एमबी में दमदार कॉलर आईडी और स्पैम ब्लॉकिंग फीचर्स

मुंबई: ट्रूकॉलर ने आज भारत में अपने नए ऐप, ट्रूकॉलर लाइट के लॉन्च की घोषणा की, जो कम स्टोरेज और मेमोरी वाले एंड्रॉइड फोन पर भी लोगों को कॉल करने वाले की पहचान जानने और अनचाहे कॉल्स को ब्लॉक करने की वही सुरक्षा देता है, जिस पर वे सबसे ज़्यादा भरोसा करते हैं। लगभग 10 एमबी का यह ऐप कुछ ही पलों में इंस्टॉल हो जाता है, तुरंत खुलता है और 4 जीबी तक रैम वाले फोन में भी बड़े आराम से चलता है।

यह लॉन्च ऐसे वक्त पर हुआ है जब भारत में लोग त्योहारों की खरीदारी में सबसे ज्यादा व्यस्त रहते है, और इसी दौरान फ़र्ज़ी डिलीवरी वाले कॉल्स, बेहद लुभावने ऑफर्स और केवाईसी फ्रॉड जैसे स्कैम कॉल्स अचानक बढ़ जाते हैं। लाखों लोगों के लिए उनका फ़ोन ही पेमेंट करने, डिलीवरी लेने और अपनों से जुड़े रहने का ज़रिया है, लेकिन अक्सर इन फोन में स्टोरेज की कमी होती है और फिर त्योहारों के दौरान फोटो एवं वीडियो लेने और फॉरवर्ड किए गए मैसेज जमा होने के बाद फोन में स्टोरेज काफी कम रह जाती है। बहुत से यूज़र्स ने ट्रूकॉलर के लाइट वर्ज़न वाले ऐप की माँग की थी, जिसे ध्यान में रखते हुए ट्रूकॉलर लाइट को इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि फोन में स्टोरेज कम होने के बावजूद आपकी सुरक्षा हमेशा बनी रहे।

ट्रूकॉलर लाइट किसी भी लिहाज से अपने मुख्य ऐप का कोई छोटा वर्ज़न नहीं है। यह कम मेमोरी और कम प्रोसेसिंग पावर वाले फोन के लिए नए सिरे से तैयार किया गया एक अलग, नेटिव एंड्रॉइड ऐप है। यह ऐप भी ट्रूकॉलर के उसी डेटाबेस और डिटेक्शन सिस्टम का इस्तेमाल करता है और गोपनीयता के उन्हीं सख्त नियमों का पालन करता है। इसका मतलब यह है कि ट्रूकॉलर लाइट से मिलने वाली स्पैम और फ्रॉड कॉल्स से सुरक्षा बिल्कुल इसके मुख्य ऐप जितनी ही दमदार है।

संपादकीय

सिर्फ आर्थिक मोर्चे

संभवतः नरेंद्र मोदी सरकार के नीतिकार इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि तमाम रियायतें देने के बावजूद ट्रंप प्रशासन से न्यूनतम उम्मीदें पूरी करा पाना भी संभव नहीं है। और बात सिर्फ आर्थिक मोर्चे की नहीं है। वित्त मंत्री ने स्वीकार किया है कि भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते की बातचीत 'पठार' पर पहुंच गई है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि दोनों पक्ष अब ऐसे बिंदु पर हैं, जहां उनके लिए और रियायतें देना मुश्किल हो रहा है। म्यूनिख सिक्युरिटी कांफ्रेंस जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर उन्होंने कहा कि अमेरिका ने टैरिफ को हथियार बना लिया है। इससे पहले अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रियर ने कहा था कि भारत अमेरिका व्यापार समझौते का संपन्न होना तय नहीं है। उन्होंने बताया कि कुछ महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति अभी नहीं बनी है। इन बयानों का अर्थ है कि डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन की एकतरफा रियायतों की मांग पर लगातार राजी होने के बाद आखिर ऐसी सीमा आई है, जिसके आगे झुकना भारत सरकार को मुनासिब महसूस नहीं हो रहा है। संभवतः नरेंद्र मोदी सरकार के नीतिकार इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि तमाम रियायतें देने के बावजूद ट्रंप प्रशासन से न्यूनतम उम्मीदें पूरी करा पाना भी संभव नहीं है। और बात सिर्फ आर्थिक मोर्चे की नहीं है। बीते हफ्ते विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा था अगर अमेरिका (पाकिस्तान प्रायोजित) आतंकवाद और भारत के सुरक्षा हितों के प्रति उदासीनता दिखाता है या पाकिस्तान से सैन्य जुड़ाव बढ़ाता है, तो इसका असर भारत-अमेरिका संबंधों पर पड़ेगा। उसके बाद खबर आई कि ट्रंप परिवार से जुड़ी अमेरिका की एक डिफेंस स्टार्ट-अप कंपनी ने पाकिस्तानी सेना को ड्रोन और काउंटर- ड्रोन तकनीक की आपूर्ति के लिए समझौता किया है। इसी कंपनी ने मुंबई स्थित एक फर्म के साथ काउंटर- ड्रोन इंटरसेप्टर उत्पादन का अनुबंध कर रखा है। यानी भारत में निर्मित अस्त्र पाकिस्तान के पास पहुंच सकते हैं। इसी पृष्ठभूमि में भारतीय रक्षा रणनीतिकारों ने सवाल उठाया है कि क्या अमेरिका पाकिस्तान को फिर सैन्य समर्थन देने की शुरुआत कर रहा है? दरअसल, अनेक भू-राजनीतिक एवं रणनीतिक मामलों में पाकिस्तान को ट्रंप का साथ मिलता रहा है। इससे भारत में नाराजगी बढ़ी है। फिर भी मोदी सरकार ट्रंप की मिज़ाज-पुर्सी में लगी रही। लेकिन नतीजा शून्य रहा है। बहरहाल, अब भी अगर सरकार रीढ़ दिखाती है, तो देश में उसका स्वागत किया जाएगा।

अनुराग ठाकुर-राष्ट्र स्तर पर प्रदेश की आवाज

महेश सपहिया

सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा योजना उनकी कई योजनाओं में सबसे खास पहल है जो प्रदेश के 6 जिलों में अब तक 12 लाख लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं दे चुकी है राजनीति में अनुराग सिंह ठाकुर की पहचान अब केवल पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के पुत्र के रूप में सीमित नहीं है, बल्कि वह अब हिमाचल के युवा चेहरे के साथ राष्ट्रीय फ्लक पर प्रदेश की आवाज और दुनिया भर में भारतवर्ष की पहचान बन चुके हैं। 2011 में सर्वश्रेष्ठ सांसद, 2014 में यंग ग्लोबल लीडर, 2019 में चैंपियंस ऑफ चेंज अवार्ड, कोयला, खान और इस्पात संबंधी संसदीय स्थायी समिति के नेतृत्व को दो बार संसद रत्न अवार्ड, भारतीय प्रादेशिक सेना में कैप्टन, भारत यूरोपीय संघ संसदीय मैत्री समूह का अध्यक्ष और लगातार पांचवीं बार का सांसद बनना अनुराग सिंह ठाकुर की पहचान और मेहनत को साफ दिखाता है। वर्ष 2008 में हमीरपुर लोकसभा सीट के उपचुनाव से शुरू हुआ उनका संसदीय सफर 2024 तक लगातार पांच जीत दर्ज कर लोकसभा में हिमाचल प्रदेश की आवाज बुलंद किए हुए है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष, भारतीय ओलंपिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष और केंद्र सरकार में सूचना एवं प्रसारण तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री जैसी जिम्मेदारियां उनके सार्वजनिक जीवन के अलग-अलग पड़ाव रहे हैं। इन भूमिकाओं ने उन्हें प्रदेश की राजनीति से आगे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है, लेकिन किसी नेता की राजनीतिक यात्रा का वास्तविक आकलन केवल पदों और चुनावी जीत से नहीं, बल्कि उसके काम, जनसंपर्क, संगठनात्मक स्वीकार्यता और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की कसौटी पर होता है। ऐसे में अनुराग ठाकुर का सफर हिमाचल में राजनीतिक विरासत, व्यक्तिगत पहचान और भविष्य में संभावित नेतृत्व की भूमिका को समझने का एक महत्वपूर्ण संदर्भ प्रस्तुत करता है। 24 अक्टूबर 1974 को हमीरपुर में जन्मे अनुराग ठाकुर पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल और शीला धूमल के पुत्र हैं। उन्होंने दोआबा कॉलेज, जालंधर से स्नातक की शिक्षा प्राप्त की। राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले परिवार में जन्म लेने के बावजूद उनका शुरुआती रुझान क्रिकेट की ओर रहा। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने राज्य में क्रिकेट के बुनियादी ढांचे के विकास पर काम किया। धर्मशाला का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम हिमाचल की खेल पहचान का प्रमुख प्रतीक बनकर उभरा। आगे चलकर वह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव और अध्यक्ष भी बने। 2016 में बीसीसीआई अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालना उनके सार्वजनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव था। इस तरह राजनीति में पूरी तरह सक्रिय होने से पहले ही उन्होंने खेल प्रशासन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। अनुराग ठाकुर की संसदीय राजनीति का औपचारिक आरंभ वर्ष 2008 में हुआ। उस समय प्रेम कुमार धूमल के मुख्यमंत्री बनने के बाद हमीरपुर लोकसभा सीट खाली हुई और भाजपा ने उपचुनाव में अनुराग ठाकुर को उम्मीदवार बनाया। उन्होंने चुनाव जीतकर 14वीं लोकसभा में प्रवेश किया। इसके बाद 2009, 2014, 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में भी उन्होंने जीत दर्ज की। लगातार पांच बार एक ही संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित होना उनके राजनीतिक सफर का महत्वपूर्ण तथ्य है। वर्ष 2024 के चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के सतपाल रायजादा को 1,82,357 मतों के अंतर से हराया। यह परिणाम हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में उनके चुनावी जनाधार को दर्शाता है। वर्ष 2010 में वह भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने और लगातार तीन कार्यकाल तक इस जिम्मेदारी पर रहे। उनके कार्यकाल में राष्ट्रीय एकता यात्रा, शहीदों को श्रद्धांजलि देने से जुड़े अभियान और डिजिटल साक्षरता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के अलग-अलग दौर में युवा मोर्चा का नेतृत्व करने से उन्हें राष्ट्रीय संगठन में काम करने का अनुभव मिला। संसदीय कार्यकाल के दौरान अनुराग ठाकुर को कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिलीं। 16वीं लोकसभा में वह भाजपा के मुख्य सचेतक बने और सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी संसदीय स्थायी समिति की अध्यक्षता की। वर्ष 2019 में उन्हें संसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, 29 जुलाई 2016 को उन्हें प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन मिला। वर्ष 2021 में उन्हें कैप्टन के पद पर पदोन्नति मिली। इस तरह उनका सार्वजनिक जीवन राजनीति और संगठन के साथ खेल प्रशासन तथा प्रादेशिक सेना से जुड़े अनुभवों तक फैला हुआ है। केंद्र सरकार में अनुराग ठाकुर की भूमिका वर्ष 2019 में और व्यापक हुई, जब उन्हें वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों का राज्य मंत्री बनाया गया। जुलाई 2021 में मंत्रिमंडल फेरबदल के दौरान उन्हें सूचना एवं प्रसारण तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालयों की जिम्मेदारी सौंपी गई। खेल मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में खेलो इंडिया, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारियों जैसे विषय प्रमुख रहे। सूचना एवं प्रसारण मंत्री के रूप में उन्होंने डिजिटल मीडिया, प्रसारण और सरकार की संचार नीतियों से जुड़े विषयों पर काम किया। हिमाचल प्रदेश के संदर्भ में अनुराग ठाकुर की राजनीतिक भूमिका का सबसे प्रत्यक्ष आधार हमीरपुर संसदीय क्षेत्र है। इस क्षेत्र में स्वास्थ्य संस्थानों, खेल सुविधाओं, सडक् संपर्क, रेल परियोजनाओं और हवाई सेवाओं जैसे मुद्दे लंबे समय से सार्वजनिक चर्चा का हिस्सा रहे हैं। धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम का विकास हिमाचल को अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर पहचान दिलाने वाला उदाहरण है। सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा योजना उनकी कई योजनाओं में सबसे खास पहल है जो प्रदेश के 6 जिलों में अब तक 12 लाख लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं दे चुकी है। इसी तरह युवाओं के बीच सबसे अधिक चर्चित और प्रिय नेता के रूप में स्थापित अनुराग सिंह ठाकुर का युवा चेंजमेकर्स अभियान युवा शक्ति को राजनीति में आगे लाने की सोच का ही संदेश है। अनुराग सिंह ठाकुर को भविष्य में हिमाचल की राजनीति में किसी व्यापक भूमिका के संभावित चेहरे के रूप में देखने की चर्चा उनके राष्ट्रीय अनुभव और राजनीतिक पृष्ठभूमि के कारण होती है। अनुराग सिंह ठाकुर राजनीति में एक ऐसा चेहरा हैं, जिनके प्रशंसक न सिर्फ युवा पीढ़ी में, बल्कि समाज के हर वर्ग और देश के हर हिस्से में मिलेंगे। उनका योगदान अमूल्य है। बहरहाल, उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं।

आलेख

गन्ना मूल्य में छत्तीसगढ़ देश में नंबर वन

धनंजय राठौर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अन्नदाता की खुशहाली ही छत्तीसगढ़ का आधार है। किसानों को उनकी मेहनत का बेहतर प्रतिफल मिले, खेती लाभकारी बने और किसान परिवार आर्थिक रूप से सशक्त हों, इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री साय ने किसानों के हितों को ध्यान में रखकर शक्कर कारखानों के लिए गन्ने की खरीदी 425 रुपए प्रति क्विंटल की दर से करने का निर्णय लिया है। पेराई सत्र 2025-26 में की गई खरीदी का भुगतान भी बढ़े हुए दर पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि लागत को कम करने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ सरकार भी किसानों के हितों को अपनी नीतियों और निर्णयों के केंद्र में रखकर आगे बढ़ रही है। किसानों की आवश्यकताओं और समस्याओं के प्रति सरकार संवेदनशील है। किसान हित से जुड़े विषयों पर प्राथमिकता से निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था और ग्रामीण समृद्धि में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। खेती-किसानी मजबूत होगी तो गांव मजबूत होंगे। गांवों की समृद्धि से ही छत्तीसगढ़ की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। छत्तीसगढ़ सरकार ने गन्ना किसानों की आय बढ़ाने और गन्ने की खेती को लाभकारी बनाने के लिए गन्ने के खरीदी मूल्य में बड़ी बढ़ोतरी की है। छत्तीसगढ़ सरकार ने गन्ने का खरीदी मूल्य 355 रूपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 425 रूपए प्रति क्विंटल कर दिया है। इस बढ़े हुए मूल्य का लाभ पेराई सत्र 2025-26 के गन्ने पर भी मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य की चार सहकारी चीनी मिलों से जुड़े 31 हजार से अधिक किसानों को लगभग 51.09 करोड़ का बोनस वितरित किया जाएगा। देश के कुल गन्ना उत्पादन में छत्तीसगढ़ का योगदान भले ही कम है लेकिन गन्ना किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने में राज्य अब नंबर वन हो गया है। राज्य सरकार ने गन्ना खरीदी दर बढ़ाकर 425 रुपये प्रति क्विंटल कर दी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में लिए गए इस फैसले से छत्तीसगढ़ में गन्ने की खरीदी दर उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों की तुलना में अधिक हो गई है। खास बात यह है कि बढ़ी हुई दर पेराई सत्र 2025-26 से ही लागू होगी। इस सत्र में पहले ही गन्ना बेच चुके किसानों को भी बढ़ी हुई दर के अनुसार भुगतान किया जाएगा। सरकार के इस फैसले का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाने के साथ गन्ने की खेती को अधिक लाभकारी बनाना है।राज्य में पहले गन्ने की खरीदी 355 रुपये प्रति क्विंटल की दर से होती थी। नई दर से किसानों को प्रति क्विंटल 70 रुपये अधिक मिलेंगे। गन्ना मूल्य में यह बढ़ोतरी ऐसे समय में की गई है, जब खेती की लागत और किसानों की आमदनी के बीच संतुलन बनाना कृषि नीति की प्रमुख चुनौती है। देश के प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश में अगैती प्रजाति के गन्ने का राज्य परामर्श मूल्य (एसएपी) 400 रुपये प्रति क्विंटल, हरियाणा में 415 रुपये और पंजाब में 416 रुपये प्रति क्विंटल है। जबकि महाराष्ट्र और कर्नाटक में गन्ने का भुगतान केंद्र सरकार के उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी), चीनी की रिकवरी और संबंधित मिलों की व्यवस्था के आधार पर निर्धारित होता है। केंद्र सरकार ने 2026-27 के लिए 10.25 प्रतिशत चीनी रिकवरी पर एफआरपी 365 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि सरकार का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित और बेहतर मूल्य दिलाना तथा खेती को सम्मानजनक और लाभकारी आजीविका बनाना है। गन्ना खरीदी दर में वृद्धि इसी दिशा में उठाया गया कदम है। प्रति क्विंटल 70 रुपये की बढ़ोतरी से किसानों को उनकी कुल बिक्री के अनुपात में अतिरिक्त आमदनी मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि किसानों को उनकी मेहनत का बेहतर प्रतिफल मिले, खेती लाभकारी बने और हमारे अन्नदाता निरंतर समृद्ध हों-इसी संकल्प के साथ हमारी सरकार आगे बढ़ रही है। नई दर का लाभ कीमतों में बढ़ोतरी से पहले बेचे गए गन्ने पर भी लागू होगी। इससे चालू पेराई सत्र में अपनी उपज की आपूर्ति कर चुके किसानों को भी राहत मिलेगी। यह व्यवस्था मूल्य वृद्धि के लाभ को व्यापक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।गन्ने की खरीदी दर में वृद्धि का असर केवल किसानों की आमदनी तक सीमित नहीं है। बेहतर मूल्य मिलने से आने वाले समय में किसान गन्ने की खेती के रकबे, उत्पादन लागत और संभावित लाभ का नए सिरे से आकलन कर सकते हैं।

सेवा संकल्प अभियान : गरीब के सम्मान से विकसित भारत के संकल्प तक का अभियान

कमलेश साहू

किसी सरकार की योजनाओं का वास्तविक मूल्य केवल बजट के आंकड़ों, स्वीकृतियों और निर्माण कार्यों से नहीं आंका जा सकता। उसकी सबसे सार्थक कसौटी यह है कि उसने सामान्य नागरिक के जीवन में कितना परिवर्तन किया, उसकी चिंता कितनी कम की और उसके सपनों को पूरा करने के लिए कितना मजबूत आधार दिया। जब वर्षों तक कच्चे मकान में रहने वाला कोई परिवार पहली बार अपने पक्के घर की छत के नीचे चैन से सोता है, जब बारिश का मौसम उसके लिए चिंता के बजाय सुकून लेकर आता है और जब एक गरीब परिवार अपने बच्चों के भविष्य को अधिक सुरक्षित महसूस करता है, तब जनकल्याण की योजना अपने वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त करती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सार्वजनिक जीवन की यात्रा में गरीब, वंचित और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन में बदलाव का विषय लगातार प्रमुख रहा है। स्वयं प्रधानमंत्री ने इस यात्रा का उल्लेख करते हुए लोगों के जीवन को बेहतर बनाने और राष्ट्र की प्रगति में योगदान को अपने प्रयासों का केंद्र बताया है। उनके शासन के 25 वर्षों की इस यात्रा को जनसेवा, जनकल्याण और जन-आकांक्षाओं को शासन के केंद्र में रखने के संदर्भ में देखा जा सकता है। आज जब सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से पूरा देश सेवा के इसी भाव को आगे बढ़ा रहा है, तब प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) जैसे कार्यक्रम इस सोच को धरातल पर समझने का अवसर देते हैं। गरीब के लिए अपना पक्का घर केवल चार दीवारें और छत नहीं होता। वह सुरक्षा है, सम्मान है, स्थायित्व है और अगली पीढ़ी के बेहतर भविष्य की बुनियाद है। छत्तीसगढ़ के शहरों में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित परिवारों के अनुभव इस बदलाव को बहुत सहजता से अभिव्यक्त करते हैं। किसी परिवार के लिए पक्का घर मिलने का अर्थ बरसात में टपकती छत और सीलन से मुक्ति है। किसी के लिए सांप-बिच्छुओं और दूसरे जीव-जंतुओं के भय से निजात है। किसी श्रमिक परिवार के लिए यह सीमित आमदनी के कारण वर्षों से अधूरा पड़ा सपना पूरा होने जैसा है। किसी माता के लिए अपने बच्चों को सुरक्षित घर में बढ़ते हुए देखने का संतोष है। इन परिवारों की भावनाओं में एक बात समान रूप से दिखाई देती है—अपना घर जीवन में सुरक्षा के साथ आत्मविश्वास भी लेकर आया है। यही वह परिवर्तन है जो किसी कल्याणकारी योजना को सरकारी कार्यक्रम से आगे बढ़ाकर सामाजिक बदलाव का माध्यम बनाता है। गरीबी केवल आय की कमी का प्रश्न नहीं है। असुरक्षित आवास, बुनियादी सुविधाओं का अभाव और भविष्य को लेकर अनिश्चितता भी गरीब परिवार के संघर्ष को बढ़ाती है। इसीलिए गरीब कल्याण की अवधारणा को आवास, पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और अन्य बुनियादी आवश्यकताओं से जोड़कर देखना महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य इन आवश्यकताओं तक जरूरतमंद परिवारों की पहुंच बढ़ाना रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) इस व्यापक सोच का प्रत्यक्ष उदाहरण है। एक गरीब परिवार जब कच्चे मकान से निकलकर अपने पक्के आवास में प्रवेश करता है तो केवल उसका पता नहीं बदलता, जीवन के प्रति उसका दृष्टिकोण भी बदलता है। मजबूत दीवारें उसे सुरक्षा देती हैं, पक्की छत चिंता कम करती है और अपना घर भविष्य के प्रति भरोसा जगाता है। घर परिवार की सामाजिक गरिमा से भी जुड़ता है। इसीलिए आवास उपलब्ध कराने का प्रयास केवल निर्माण का विषय नहीं, बल्कि सम्मान और अवसर से भी जुड़ा विषय है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुंचे, यह राज्य शासन की लगातार कोशिश रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार योजनाओं के क्रियान्वयन को जनसरोकारों से जोड़कर आगे बढ़ा रही है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के लिए भी शहरों का विकास केवल बड़ी सड़कें, भवन और अधोसंरचना तैयार करना नहीं है। शहर तभी वास्तव में विकसित होता है, जब वहां रहने वाले गरीब और जरूरतमंद परिवार भी विकास की प्रक्रिया में सहभागी हों और उन्हें सम्मानजनक जीवन के लिए आवश्यक सुविधाएं प्राप्त हों। सेवा संकल्प अभियान का भाव भी इसी दायित्व को और मजबूत करता है—सेवा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शासन और नागरिक के बीच विश्वास का सेतु बने। योजनाएं कागज से निकलकर जरूरतमंद के जीवन तक पहुंचें, पात्र व्यक्ति को अपने अधिकार और अवसर के लिए अनावश्यक कठिनाई न उठानी पड़े तथा शासन की संवेदनशीलता अंतिम व्यक्ति तक अनुभव हो—यही सेवा की सार्थकता है। विकसित भारत का लक्ष्य तभी सार्थक होगा जब विकास का अनुभव देश के प्रत्येक नागरिक के जीवन में दिखाई दे। किसी गरीब के घर की पक्की छत, किसी परिवार को मिला स्वच्छ पेयजल, किसी जरूरतमंद तक पहुंची स्वास्थ्य सुविधा और किसी युवा को मिला आगे बढ़ने का अवसर—विकास की वास्तविक तस्वीर इन्हीं परिवर्तनों से बनती है। छत्तीसगढ़ के हमारे शहरों में जब कोई परिवार वर्षों की प्रतीक्षा के बाद अपने पक्के घर में गृह प्रवेश करता है तो उसके चेहरे की प्रसन्नता बहुत कुछ कहती है। वह प्रसन्नता केवल मकान मिलने की नहीं होती; वह सम्मान, सुरक्षा और भविष्य के प्रति पैदा हुए विश्वास की होती है। जिन परिवारों के लिए कभी बारिश का अर्थ टपकती छत और रातभर की चिंता थी, उनके लिए अब वही मौसम अपने सुरक्षित घर की खिड़की से देखने वाला मौसम बन गया है। यही परिवर्तन जनकल्याणकारी शासन को मानवीय अर्थ देता है। सेवा से संकल्प और संकल्प से सिद्धि की यात्रा का उद्देश्य भी यही होना चाहिए कि शासन की प्रत्येक पहल का अंतिम परिणाम नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव के रूप में दिखाई दे। जब शासन का संकल्प और जनता की आकांक्षा एक दिशा में आगे बढ़ते हैं, तभी विकास आंकड़ों से निकलकर लोगों के जीवन का उत्सव बनता है।

पीढ़ी अंतराल नहीं,पीढ़ी संवाद की जरूरत

विजय कुमार जैन
राघौगढ़ म.प्र.

एक ही छत के नीचे तीन पीढ़ियाँ रह रही हैं, पर तीनों की दुनियाएँ अलग-अलग हैं। दादाजी को सुबह का भजन और अखबार चाहिए, पिताजी को चाय के साथ टीवी न्यूज और बेटे को हाथ में मोबाइल और कानों में ईयरफोन।

हम एक साथ रहते तो हैं, पर एक साथ जीना भूल गए हैं। यही है पीढ़ी अंतराल, जो आज परिवार से लेकर समाज तक की सबसे बड़ी अदृश्य दरार बन गया है। पहले यह अंतराल इतना नहीं अखरता था, क्योंकि परिवार संयुक्त थे और संवाद सहज था। आज परिवार सिकुड़े हैं, समय सिमटा है और तकनीक ने गति बढ़ा दी है। परिणाम यह है कि अनुभव और ऊर्जा के बीच एक खाई बन गई है। लगभग 80 वर्ष पूर्व संयुक्त परिवार होते थे एक परिवार में लगभग 30 से 35 सदस्य होते थे। 60 वर्ष पूर्व परिवार छोटे हुए एक परिवार में ज्यादातर 10 सदस्य रहने लगे। 40 वर्ष पूर्व परिवार में चार या पांच सदस्य रह गए 20 वर्ष पूर्व परिवार सिकुड़ कर तीन या चार सदस्य का रह गया वर्तमान में परिवार में मात्र दो सदस्य पति एवं पत्नी। पति-पत्नी दोनों नौकरी कर रहे हैं संतान नहीं चाहिए। 80 वर्ष पूर्व बारात बैलगाड़ी से जाती थी, 60 वर्ष पूर्व बारात बस से जाने लगी, 40 वर्ष पूर्व बारात जीप कारों से जाने लगी 20 वर्ष पूर्व बारात जाना बंद हो गई लड़की वाले को ही लड़के वाले अपने नगर में बुलाते हैं और विवाह करते है। वर्तमान में तो नई पीढ़ी विवाह न कर वीक एंड मैरिज करके मात्र शनिवार इतवार को पति-पत्नी के रूप में एक साथ रहते है। 80 वर्ष पूर्व लड़की के लिए योग्य लड़का देखने गांव का नाई जाता था ,60 वर्ष पूर्व लड़का देखने परिजन जाते थे, 40 वर्ष पूर्व लड़का देखने माता-पिता जाते थे। और अब लड़की स्वयं अपने पति का चयन करती है। 80 वर्ष पूर्व मोटा खाते थे, मोटा पहनते थे, 60 वर्ष पूर्व दाल रोटी खाने लगे, 40 वर्ष पूर्व इडली डोसा का चलन आया। अब नई पीढ़ी पिज़्ज़ा बर्गर खा रही है। इस खानपान से कैंसर जैसी बीमारियां बढ़ रही है।अंतराल बढ़ने के तीन बड़े कारण पहला कारण है तकनीकी क्रांति। आज का युवा डिजिटल युग का मूल निवासी है, जबकि पुरानी पीढ़ी इस दुनिया में बाद में आई है। एक को हर सूचना गूगल पर चाहिए, दूसरे को किताब और अनुभव पर भरोसा है। एक को रिश्ते ऑनलाइन चाहिए, दूसरे को आंगन में। दूसरा कारण है मूल्यों और आकांक्षाओं में बदलाव। पुरानी पीढ़ी ने त्याग, संतोष और सामूहिकता को जीवन-मूल्य माना। नई पीढ़ी निजता, करियर, स्वतंत्रता और आत्म-अभिव्यक्ति को प्राथमिकता देती है। दोनों ही अपनी जगह सही हैं, पर जब एक दूसरे पर अपनी सोच थोपने लगते हैं, तो टकराव शुरू होता है। तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण कारण है संवादहीनता। पहले दिन भर की बातें शाम को चौपाल या रसोई में साझा होती थीं। आज बातें व्हाट्सएप पर होती हैं और भावनाएं इमोजी में सिमट गई हैं। हम रोज़ एक-दूसरे को देखते हैं, पर सुनना बंद कर दिया है। इससे उपजती समस्याएं इस खाई का सबसे बड़ा दुष्परिणाम है एकाकीपन। घर में बुजुर्ग अकेले महसूस करते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी सुनने वाला कोई नहीं। वहीं युवा तनाव में हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि उन्हें समझने वाला कोई नहीं। संस्कारों का हस्तांतरण रुक गया है। दादा-दादी की कहानियों की जगह यूट्यूब ने ले ली है। घर में निर्णय अब चर्चा से नहीं, टकराव से होते हैं - चाहे विषय करियर का हो, विवाह का या जीवनशैली का। समाधान: अंतराल पाटने के पाँच सूत्र इस समस्या का समाधान पीढ़ियों को एक जैसा बनाना नहीं, बल्कि उनमें सामंजस्य बिठाना है। 1. सुनना सीखें, सिखाना नहीं, बुजुर्गों को चाहिए कि वे ज्ञान को उपदेश की तरह नहीं, अनुभव की तरह साझा करें। युवाओं को चाहिए कि वे सुनें जरूर, पर आँख बंद करके नहीं, विवेक के साथ। परिवार में 'मैं सही हूँ' की जगह 'हम मिलकर सही कैसे हो सकते हैं' यह भाव आना चाहिए। 2. तकनीक को सेतु बनाएं क्यों न बेटा पिता को स्मार्टफोन चलाना सिखाए और पिता बेटे को जीवन में धैर्य रखना सिखाए? जब भूमिका बदलती है, तो सम्मान बढ़ता है। तकनीक दीवार नहीं, सेतु बननी चाहिए। 3. साझा समय का संकल्प रोज़ 30 मिनट का 'नो मोबाइल जोन' बनाएं। साथ बैठकर भोजन करना, त्योहार मनाना, या बिना किसी काम के सिर्फ बातें करना। भारतीय जैन मिलन जैसे संगठन जो पीढ़ियों को जोड़ने का काम कर रहे हैं, वे इसी साझा संस्कृति के सशक्त मंच हैं। 4. सम्मान के साथ स्वतंत्रता नई पीढ़ी को प्रयोग करने की छूट मिलनी चाहिए और पुरानी पीढ़ी को परंपरा के सम्मान की गारंटी। जड़ और शाखा का रिश्ता ऐसा ही है। जड़ पुरानी है, शाखा नई। शाखा को आकाश में फैलने की आज़ादी चाहिए, पर जड़ से कटकर वह सूख जाएगी। 5. भाषा बदलें, लहजा नहीं तुझे ऐसा ही करना पड़ेगाकी जगह तुम्हारा क्या विचार है? यह एक वाक्य पूरे घर का वातावरण बदल सकता है। आदेश की जगह संवाद, अधिकार की जगह अपनत्व। दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य औजस्वी वक्ता, समाज सुधारक मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने राघौगढ़ नगर में इस विकराल समस्या पर श्रमण धारा प्रवचन माला में प्रवचन करते हुए इस अंतराल पर सामंजस्य कैसे बिठाये कहा पीढ़ी अंतराल कोई अभिशाप नहीं, बल्कि प्रकृति का नियम है। हर पीढ़ी अपने समय से नई होती है। वीणा के तार अलग-अलग होते हैं, तभी संगीत बनता है। यदि सारे तार एक जैसे होते, तो संगीत नहीं, शोर होता। हमें तारों को एक जैसा नहीं करना, उन्हें एक लय में साधना है। यही सच्चा सामंजस्य है, यही भारतीय परिवार की आत्मा है।

नोटः- लेखक राज्य स्तरीय अधिमान्य स्वतंत्र पत्रकार एवं भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक हैं।

निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर महाराज ने किया त्रैमासिक केशलोंच, तप-त्याग और संयम की साधना का दिया संदेश

कुण्डलपुर (विश्व परिवार)। सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर की पावनधरा पर पूज्य बड़े बाबा के चरणों में महासमाधि धारक संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं विद्याकुल के कुशल सारथी महासंघ आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ,मुनि श्री पवित्र सागर जी महाराज ससंघ (10 साधु)का मंगलमय चातुर्मास हो रहा है। प्रचार मंत्री जयकुमार जैन जलज ने बताया कि इस अवसर पर आज प्रात: भक्तांबर महामंडल विधान पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांति धारा, रिद्धि कलश,पूजन विधान संपन्न हुआ ।शांति धारा का वाचन पूज्य मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने किया ।इस अवसर पर प्रथम अभिषेक ,शांतिधारा रिद्धि कलश आदि करने का सौभाग्य श्रेष्ठी श्री अमोलक चंद लाभचंद वैभव तक्ष रियांश जैन दिल्ली ,प्रभाकर कविता वृषभ प्रज्वल परिवार कर्नाटक ,रमेशचंद्र अनीता विकास मोहित जैन परिवार सूरजमल बिहार ने प्राप्त किया। पूज्य बड़े बाबा के चरणों में निरंतर सेवारत पुजारी अनिलकुमार, विपिन, आदित्य, बालचंद, लालचंद, अनिकेत, अभिषेक, प्रकाशचंद आदि समर्पित भाव से हजारों श्रद्धालु भक्तों कोअभिषेक पूजन व्यवस्था में संलग्न रहते है। आज प्रात:निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने अपनी साधना और संयम परंपरा का निर्वहन करते हुए त्रैमासिक केशलोंच किया। जैन मुनि परंपरा में केशलोंच आत्मसंयम, तप, त्याग और शरीर के प्रति ममत्व का त्याग करने वाली कठिन साधना का प्रतीक है। मुनि श्री प्रत्येक तीन माह में केशलोंच करते हैं।

केशलोंच जैन साधु जीवन की विशिष्ट तपस्या है, जिसमें मुनिराज बिना किसी उपकरण का उपयोग किए अपने हाथों से सिर के बालों का त्याग करते हैं। यह साधना सहनशीलता, धैर्य, वैराग्य और आत्मबल का परिचायक है। इसके माध्यम से साधक बाहरी रूप-सज्जा और शारीरिक सुख-सुविधाओं से ऊपर उठकर आत्मकल्याण की भावना को दृढ़ करता है।मुनि श्री समतासागर महाराज की यह साधना श्रद्धालुओं के लिए त्याग, तपस्या और आत्मानुशासन की प्रेरणा है। केशलोंच यह संदेश देता है कि सच्ची साधना शरीर की सुख-सुविधाओं में नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि, इच्छाओं पर नियंत्रण और समभाव बनाए रखने में निहित है। कुंडलपुर में मुनि श्री की तप-साधना के दर्शन कर श्रद्धालु जैन धर्म की संयम प्रधान परंपरा के प्रति श्रद्धा व्यक्त कर रहे हैं।

शिक्षक की पहल से बदल रही है स्कूल की तस्वीर, जनभागीदारी से बन रहा भव्य स्वागत द्वार

आरंग (विश्व परिवार)। 'जहाँ चाह, वहाँ राह' इसे चरितार्थ कर दिखाया है एक नवाचारी शिक्षक ने। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा के शिक्षक महेंद्र कुमार पटेल की पहल पर जनभागीदारी से स्कूल का भव्य प्रवेश द्वार तैयार हो रहा है।महेंद्र पटेल बताते हैं- प्रतिदिन विद्यालय आते-जाते समय भिलाई के सीआरपीएफ कैंप का भव्य प्रवेश द्वार उन्हें आकर्षित करता था। उनके मन में विचार आया कि विद्यालय का द्वार भी ऐसा ही भव्य होना चाहिए, जिससे बच्चे सकारात्मक ऊर्जा के साथ परिसर में प्रवेश करें।उनका कहना है कि विद्यालय विद्या का मंदिर है। जैसे मंदिर में प्रवेश करते ही आस्था जागती है, वैसे ही स्कूल में प्रवेश करते ही विद्या अर्जन की प्रेरणा और गुरुजनों के प्रति विश्वास सुदृढ़ होना चाहिए।

शिक्षक पटेल ने जब भव्य द्वार का प्रस्ताव शाला प्रबंधन समिति की बैठक में रखा और स्वयं अंशदान की पहल की, तो उनकी निष्ठा से प्रभावित होकर पूरा गांव एकजुट हो गया। सरपंच, पंच, पालकों और महिला संगठनों ने उदारतापूर्वक सहयोग दिया। देखते ही देखते जनसहयोग से हजारों रुपये एकत्र हो गए। करीब डेढ़ लाख रुपये की लागत से बिना किसी शासकीय सहयोग के यह द्वार आकार लेने लगा।

पटेल कहते हैं कि छत्तीसगढ़ दानवीरों की धरती है। यहाँ पूर्वजों ने स्वधन से तालाब, कुएं, बाग-बगीचे बनाए हैं। हर कार्य के लिए सरकार पर निर्भर रहना उचित नहीं। सभी नागरिक धार्मिक स्थलों के साथ साथ शिक्षा के मंदिर को संवारना भी अपना धर्म समझे। हर विद्यालय में प्रेरणादायक कोटेशन के साथ ऐसा स्वागत द्वार होना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि महेंद्र पटेल अब तक सामाजिक और जनसरोकार के कार्यों के लिए जनभागीदारी से लाखों रुपये जुटा चुके हैं। इन नवाचारों के लिए उन्हें इस वर्ष राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने पुरस्कार में मिले राशि को भी स्वागत द्वार में लगा दिया।

इस कार्य में संस्था प्रधान कीर्ति कुमार परमाल, शिक्षक सूर्यकांत चंद्राकर, दीनदयाल धीवर, डिलेश्वर साहू, सुशील आवड़े, जितेन्द्र यदु, शिक्षिका संगीता पाटले, पायल शुक्ला, पार्वती साहू, प्रभा साहू का सहयोग रहा।

शरद पूर्णिमा पर मानवता की अनूठी मिसाल, कोटा में 3100 भोजन पैकेट व फल वितरित

■ चार महान संतों के अवतरण दिवस पर जैन समाज की सेवा भावना

कोटा (विश्व परिवार)। राणा प्रताप मीरा हाड़ी रानी के तप त्याग और साधना की पावन वसुंधरा राजस्थान प्रांत के चर्मण्यवती के पावन तट पर स्थित औद्योगिक एवं शिक्षा की काशी धर्म प्राण नगरी कोटा में शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर एवं परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज, आचार्य श्री समय सागर जी महाराज, आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज एवं गणिनी आर्यिका ज्ञानमति माताजी के पावन अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को कोटा शहर में मानव सेवा का अनुकरणीय अविस्मरणीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। विगत 35 सालों से पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले राष्ट्र गौरव राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पारस जैन पार्श्वमणी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य संयोजक जिनेन्द्र पापड़ीवाल, महेश गंगवाल, चेतन प्रकाश जैन एवं मनोज टोंग्या ने अपनी पूरी टीम के साथ 3100 भोजन के पैकेट एवं फलों का वितरण किया।

कार्यक्रम का मंगल शुभारंभ सायं 4 बजे जे.के. लोन अस्पताल, नयापुरा से किया गया। इस अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज कोटा के अध्यक्ष प्रकाश जी बज, महामंत्री पदम जी बड़ला एवं नव निर्वाचित पार्षद क्रांति जी जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

टीम द्वारा इसके पश्चात महाराव भीमसिंह अस्पताल मेडिकल कॉलेज एवं शहर की विभिन्न कच्ची बस्तियों में जरूरतमंदों, मरीजों के परिजनों एवं असहाय लोगों को भोजन एवं फल वितरित किए गए।

पुराना विधानसभा चौक पर भाजपा का बड़ा प्रदर्शन, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला जलाया

■ कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के अमर्यादित बयान के विरोध में भाजपा का उग्र प्रदर्शन; भाजपा विधानसभा मण्डल के नेतृत्व में फूंका गया पुतला

धरसीवाँ (विश्व परिवार)। धरसीवाँ विधानसभा अंतर्गत पुराना विधानसभा चौक के पास भारतीय जनता पार्टी विधानसभा मण्डल द्वारा विधायक अनुज शर्मा के कुशल नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का विरोध करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया गया तथा उनका पुतला दहन किया गया। यह प्रदर्शन कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी तथा उनके परिवार के पूज्य सदस्यों के प्रति प्रयोग की गई अत्यंत अमर्यादित, अशोभनीय भाषा और कांग्रेस की माफिया जैसी कार्यशैली के खिलाफआयोजित किया गया था।

प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कांग्रेस पार्टी से देश की जनता व प्रधानमंत्री से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की।

मर्यादा और राजनीतिक शुचिता का पतन: विधायक अनुज शर्मा

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए धरसीवाँ विधायक अनुज शर्मा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अमर्यादित भाषा और माफिया जैसी कार्यशैली — यही आज की कांग्रेस पार्टी का असली चरित्र बन चुका है। अतीत में जिस प्रकार की ओछी और स्तरहीन भाषा का प्रयोग केवल समाज के असामाजिक तत्वों द्वारा किया जाता था, आज दुर्भाग्यवश देश की सबसे पुरानी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उसी निम्न स्तर पर उतर आए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष का यह बयान इस बात का जीवंत प्रमाण है कि इनकी पूरी कार्यशैली अब किसी जिम्मेदार राजनीतिक दल की न रहकर केवल एक माफिया गैंग जैसी होकर रह गई है। विधायक अनुज शर्मा ने आगे कहा कि लगातार मिल रही चुनावी हारों से कांग्रेस के अंदर भयंकर हताशा और खीझ पैदा हो चुकी है।

मुस्लिम इंटेलेक्चुअल फोरम का सम्मान समारोह सम्पन्न



रायपुर (विश्व परिवार)। मुस्लिम इंटेलेक्चुअल फोरम द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह स्थानीय शहीद स्मारक भवन, रायपुर में सम्पन्न हुआ। फोरम के मीडिया प्रभारी मो. बशीर खान सिराजी ने बताया कि 400 बच्चों-बच्चियों को प्रशस्ति पत्र, मेमोंटो, फोरम की मैगजीन और टॉपर्स को मेडल से सम्मानित किया गया।

इस सम्मान समारोह में नई दिल्ली के सेंटर फॉर स्टडी एण्ड रिसर्च के डायरेक्टर शिक्षाविद्, शोधकर्ता एवं लेखक डॉ. मोहम्मद रिजवान प्रेरक वक्ता रहे. अपने उद्बोधन में सभी बच्चों-बच्चियों को शिक्षा के प्रति समर्पण, लगन और आत्म नियंत्रण सकारात्मक सोच, परिवार से मार्गदर्शन लेना जैसे शिक्षा के महत्वपूर्ण सुझाव बच्चों को दिए। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. मो. अय्यूब खान नागपुर अध्यक्ष थे, विशेष अतिथि डॉ. जावेद रिजवी साहब, भिलाई रहे। दोनों वक्ताओं ने बच्चों को हर संभव शिक्षा हासिल करने पर जोर दिया। श्रीमती फरहीन, मुस्कान अग्रवाल ने भी शिक्षा पर संबोधन किया।

कार्यक्रम का संचालन सैयद अकील ने किया। सम्मान समारोह में फोरम के अध्यक्ष शकील अहमद, सचिव आबिद खान, शफीक मुबारक गौरी, नजर हुसैनी, जफर अमजद, रफीक, अंसार, अकबर, रजा, हशीम, राशिद सिबली, मूसा भाई, फोरम के फाउंडर मेम्बर एवं शहर के गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए।

पारस संगम 2026 में प्रतिभाओं का सम्मान, 101 शिक्षकों को मिला गौरव

■ पाँच व्यक्तित्वों को मानद उपाधि, 11 शिक्षण संस्थानों एवं सेंटर संचालकों का सम्मान

रायपुर (विश्व परिवार)। पारस ग्रुप ऑफ फाउंडेशन, छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में 24 अक्टूबर 2026 को शहीद स्मारक भवन, घड़ी चौक, रायपुर में 'पारस संगम 2026-एक्सीलेंस अवॉर्ड' समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा, समाजसेवा, उद्यमिता, महिला सशक्तीकरण, स्वास्थ्य सेवा, युवा नेतृत्व, साहित्य, कला एवं अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 101 शिक्षकों, 11 स्कूलों, कॉलेजों एवं शिक्षण संस्थानों तथा पारस इंस्टीट्यूट ऑफएजुकेशन के सेंटर संचालकों को सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को प्रोत्साहित करना तथा उनके योगदान को व्यापक पहचान दिलाना रहा। सम्मान समारोह के साथ विद्यार्थियों के स्वागत एवं विदाई कार्यक्रम ने आयोजन को विशेष स्वरूप प्रदान किया।

समारोह में रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी, बाल आयोग की अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त डॉ. वर्डिका शर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षा आयोग के अध्यक्ष सुधीर गौतम, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा तथा केंद्रीय लोक शिकायत जांच आयोग से संबंधित प्रतिनिधि शिव पात्रे सहित विभिन्न क्षेत्रों के अतिथि उपस्थित रहे। इसके अलावा सकीला खान, प्रीति रानी तिवारी, उमा कुशवाहा तथा सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र से जुड़े अनेक प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

मोदी-शाह ने ज्ञानेश कुमार के साथ मिलकर देश के लोकतंत्र पर प्रहार किया: दीपक बैज

■ दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को वोट बचाओ, देश बचाओ रैली

रायपुर (विश्व परिवार)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 1 नवंबर को दिल्ली में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की ''वोट बचाओ, देश बचाओ'' रैली रामलीला मैदान में आयोजित है। इस रैली में छत्तीसगढ़ से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ से सभी जिलो के कार्यकर्ता टेऊो बसो एवं वायु मार्ग तथा निजी वाहनो में दिल्ली रवाना होंगे। समूचे देश से 10 लाख से अधिक लोग मोदी और ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा लेने दिल्ली के रामलीला मैदान में पहुंचेंगे। छत्तीसगढ़ का हर नेता कार्यकर्ता, पदाधिकारी दिल्ली आवश्यक रूप से पहुंचेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तथा एसआईआर के निरस्तीकरण और काटे गये वोटों की बहाली तक कांग्रेस का आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि देश में हुए वोट चोरी के लिये भारतीय जनता पार्टी और नरेन्द्र मोदी जवाबदार है। ज्ञानेश कुमार ने मोदी के प्रभाव में आकर तथा मोदी और शाह के संरक्षण में वोट चोरी जैसे अलोकतांत्रिक काम की अंजाम दिया है।

यातायात पुलिस का सघन चेकिंग अभियान

■ यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालानी कार्यवाही

रायपुर (विश्व परिवार)। शहर में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से डीसीपी ट्रैफिक डॉ. अर्चना झा के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सघन कार्रवाई की जा रही है।

विगत दो दिनों में यातायात पुलिस ने कुल 193 वाहन चालकों की प्रत्यक्ष चेकिंग कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की। इनमें बिना नंबर प्लेट एवं आड़े-तिरछे नंबर प्लेट के 62, लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के 18, नो पार्किंग के 28, तीन सवारी के 26, ड्रंक एंड ड्राइव के 40, रंगीन फिल्म के 05, मॉडिफाइड साइलेंसर के 05 तथा अन्य उल्लंघनों के 09 मामले शामिल हैं।

ITMS कैमरों से 5,748 ई-चालान

शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर स्थापित ITMS कैमरों के माध्यम से विगत दो दिनों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 5,748 ई-चालान जारी किए गए। इनमें बिना हेलमेट, तीन सवारी, ओवरस्पीड, नो पार्किंग एवं रॉन्ग वे जैसे उल्लंघन शामिल हैं।

यातायात पुलिस द्वारा ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध भी लगातार अभियान चलाया जा रहा है। वाहन चालकों से अपील है कि वे हेलमेट का उपयोग करें, निर्धारित गति सीमा का पालन करें, गलत दिशा में वाहन न चलाएं, नो पार्किंग में वाहन खड़ा न करें तथा शराब का सेवन कर वाहन न चलाएं।

संवैधानिक अधिकारों, सामाजिक न्याय एवं आरक्षण की रक्षा के लिए जुटे लोग

■ आरक्षण बचाओ रैली 2.0 में 21 सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव (विश्व परिवार)। भारतीय संविधान में प्रदत्त सामाजिक न्याय, समान अवसर, आरक्षण एवं सामाजिक प्रतिनिधित्व के अधिकारों की रक्षा के लिए आज राजनांदगांव में 'आरक्षण बचाओ रैली 2.0' का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ के जेन-ज़ी युवा वर्ग के आह्वान पर आयोजित इस रैली में राजनांदगांव, मानपुर-मोहला, खैरागढ़ सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लगभग 5,000 लोगों ने भाग लिया। रैली में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के संवैधानिक अधिकारों, आरक्षण व्यवस्था, शिक्षा, रोजगार, सामाजिक प्रतिनिधित्व तथा आजीविका से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया।

रैली में शामिल लोगों ने कहा कि संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, न्याय एवं सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार दिया है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक उत्थान के लिए किए गए संवैधानिक प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना शासन की जिम्मेदारी है। इसके बावजूद प्रदेश में आरक्षण, बैकलॉग पदों पर भर्ती, पदोन्नति में आरक्षण, छात्रवृत्ति, शासकीय सेवाओं में प्रतिनिधित्व तथा विश्वविद्यालयों में आरक्षण रोस्टर जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर कार्रवाई की आवश्यकता बनी हुई है।

रैली के दौरान प्रतिनिधिमंडल विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के बंगले पर पहुंचा और संवैधानिक मुद्दों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। इसके पश्चात प्रतिनिधिमंडल इमाम चौक पहुंचा, जहां भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर इन मुद्दों पर आवश्यक संवैधानिक एवं प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की गई।

21 सूत्रीय मांगों में आरक्षण, रोजगार एवं सामाजिक प्रतिनिधित्व प्रमुख

ज्ञापन के माध्यम से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्गों के लिए पदोन्नति में आरक्षण नियम-5 को पुन: अधिसूचित कर लागू करने, सर्वोच्च न्यायालय के संबंधित अंतरिम आदेशों के अनुरूप कार्रवाई करने तथा बिना आरक्षण रोस्टर के की जा रही पदोन्नतियों पर रोक लगाने की मांग की गई।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने, आरक्षण रोस्टर का नियमित संधारण करने तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लंबित बैकलॉग पदों को विशेष भर्ती अभियान के माध्यम से भरने की मांग भी उठाई गई। इसके साथ ही राज्य में हक्क्ष्ट वर्ग को 27 प्रतिशत तथा स्ह्ट वर्ग को 13 प्रतिशत आरक्षण देने से संबंधित लंबित विषयों पर आवश्यक निर्णय लेकर आगे की कार्रवाई करने का आग्रह किया गया।

भाजपा सरकार बनने के बाद सरकारी नौकरी की भर्ती बंद : कांग्रेस

रायपुर (विश्व परिवार)। रिक्त सरकारी पदों पर नियमित भर्ती प्रक्रिया को बाधित करने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा है कि भाजपा ने 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी के तहत 100 दिनों के भीतर अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण और युवाओं के लिए नियमित पदों पर 1 लाख सरकारी भर्तियों का वादा किया था। हकीकत यह है कि नई भर्तियों पर ब्रेक लगा दिया गया है, शिक्षक भर्ती, पुलिस भर्ती, वन विभाग और न्यायिक सेवा में नियुक्ति बाधित है, पीएससी भर्ती परीक्षाओं का भी हाल सर्वविदित है और पुरानी प्रक्रियाओं को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने राज्य के युवाओं

और लाखों अनियमित कर्मचारियों के साथ ऐतिहासिक विश्वासघात किया है। मोदी की गारंटी का ढोल पीटकर सत्ता में आई साय सरकार ने 100 दिनों के भीतर नियमितीकरण का वादा किया था, लेकिन आज युवा और अनियमित कर्मचारी सड़कों पर गुहार लगाने को मजबूर हैं। भर्तियों को रोककर और युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेलकर भाजपा सरकार ने यह साबित कर दिया है कि उनके वादे सिर्फ वोट बटोरने का जुमला थे।

संक्षिप्त समाचार

नानगूर में भाजपाइयों ने फूंका मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला, देश से माफी मांगने की उठाई मांग

नियानार (नानगूर)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की कथित अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में नानगूर मंडल के ग्राम नियानार में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने खड़गे के बयान की निंदा करते हुए उनसे देश की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पटना में आयोजित एक जनसभा के दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके स्वर्गीय पिता के प्रति अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया। कार्यकर्ताओं ने इसे राजनीतिक मर्यादाओं के खिलाफबताते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री के प्रति इस तरह की टिप्पणी स्वीकार्य नहीं है। प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि इस तरह की बयानबाजी राजनीतिक हताशा और द्वेष को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को इस मामले में सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

ये पदाधिकारी और कार्यकर्ता रहे मौजूद- पुतला दहन कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष हरिराम मंडावी, जिला उपाध्यक्ष लखीधर बघेल, मंडल महामंत्री रयदु नाग, अजजा मोर्चा अध्यक्ष चंद्रकांत सेठिया और मानसाय बघेल, अजजा मोर्चा महामंत्री राजू पोयाम, पिछड़ा वर्ग उपाध्यक्ष प्रहलाद निषाद, महामंत्री अमीर नाथ यादव, सरपंच धनुराम बघेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष नरेंद्र पाण्डे, महामंत्री विजय पात्र, लाछिन बघेल, बबलू बघेल एवं डोड़पाल सरपंच सलमू नाग सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महारानी अस्पताल :ड्यूटी के नाम पर नर्स को मानसिक प्रताडऩा

जगदलपुर। घर में पिता का ख्याल रखने वाला जगदलपुर 26 अक्टूबर उनके अलावा और कोई नहीं है। वह मेल मेडिसिन वार्ड में शिफ्ट वाइज बस्तर के महारानी अस्पताल में एक बार फिर जिम्मेदार पदों पर बैठे ड्यूटी कर रही थीं, जिससे वे नौकरी के साथ-साथ अपने बीमार पिता की अधिकारियों की मनमानी और देखभाल भी कर पा रही थीं। लेकिन असंवेदनशीलता खुलकर सामने आई 22 सितंबर को मेट्रन सिस्टर ने उन्हें है। अस्पताल के मेल मेडिकल वार्ड कैंसर वार्ड में ड्यूटी जॉइन करने का में संविदा पर कार्यरत एक स्टाफनर्स फरमान सुना दिया। जब नर्स ने अपनी (बदला हुआ नाम- भावना) ने मजबूरी और पिता की गंभीर स्थिति डॉक्टर भंवरलाल शर्मा पर गंभीर का हवाला दिया, तो मेट्रन ने उन्हें आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर एवं डॉक्टर भंवरलाल शर्मा से मिलने को कहा। जब पीड़ित नर्स ने डॉक्टर विभाग के उच्च अधिकारियों और शर्मा से अपनी समस्या बताई, तो जनप्रतिनिधियों को शिकायत सौंपी समाधान निकालने के बजाय डॉक्टर है। आरोप है कि डॉक्टर साहब उनकी साहब ने अपनी धौंस दिखानी शुरू जिद के आगे सहकर्मी की पारिवारिक कर दी। डॉक्टर शर्मा ने कथित तौर और मानसिक स्थिति को ताक पर पर यहां तक कह दिया कि नौकरी रखकर ऐसा तमाशा खड़ा कर रहे हैं, छोड़ दो, या मेरे ही साथ कैंसर वार्ड जिसे पढ़कर यही कहा जा सकता है में ड्यूटी करो अगर भावना कैंसर कि कुर्सी के नशे में डॉक्टर साहब के यूनिट में कार्य नहीं करेगी, तो मैं पायजामे ढीले हो चुके हैं। पीड़िता के कैंसर यूनिट बंद करके अपनी नौकरी छोड़ दूंगा। मुझे भावना ही चाहिए, यह अनुसार, उसके पिता की मानसिक मेरी जिद है। हद तो तब हो गई जब और शारीरिक स्थिति बेहद खराब है। 26 सितंबर को मेट्रन के ऑफिस में अन्य स्टाफमरीजों और उनके परिजनों के सामने डॉक्टर भंवरलाल शर्मा ने ऊंची आवाज में नर्स को बेइज्जत किया। नौकरी से निकालने धमकी देते हुए उन्होंने सरेआम कहा कि हाँ, यह मेरी जिद है, तुम्हें कैंसर वार्ड में ड्यूटी करवा कर ही रहूंगा। नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत योजना महारानी अस्पताल में लाइफलाइन एक्सप्रेस घोटाले तथा अन्य की भ्रष्टाचार के दम पर अकूत पैसे कमाने के घमंड में चूर ऐसे रसूखदार डॉक्टरों को शायद यह भूल गया है कि अस्पताल में काम करने वाली बहन-बेटियां उनके निजी मनोरंजन या जिद का खिलौना नहीं हैं। सरेआम स्टाफ और जनता के सामने मानसिक प्रताडऩा झेलने के कारण अब उस नर्स को ड्यूटी आने से भी डर लगने लगा है। शर्मिंदगी और तनाव के चलते वह अपने कर्तव्यों का निर्वहन भी ठीक से नहीं कर पा रही हैं। फिलहाल, पीड़ित नर्स ने जिला कलेक्टर और उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई है कि डॉक्टर भंवरलाल शर्मा के इस तानाशाह अमानवीय रवैये के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि अस्पताल के करने वालों पर लगाम लग सके।

भीतर अफ्सरी की आड़ में मनमानी- विशाखा गाइडलाइन महज कागजों पर: विशाखा गाइडलाइन के अनुसार सभी श कार्यालय में महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के निमित्त एक समिति का गठन किया जाता है। इस समिति की जवाब देही होती है कि वह महिला कर्मचारी के मान सम्मान की रक्षा के लिए निगरानी करें । साथ ही किसी प्रकार के उत्पीडऩ की शिकायत मिलने पर बारीक जांच उपरांत विभागीय कार्रवाई के रहा है कि जिला मुख्यालय में लिए अनुशंसा भी करें।

शासकीय पट्टे की जमीन दूसरे के नाम दर्ज करने का आरोप, जांच की मांग

चाचा की मृत्यु के बाद जमीन पर काबिज भतीजे ने प्रशासन से की उचित कार्रवाई की मांग

गरियाबंद (विश्व परिवार)। कहने को तो शासन द्वारा विलुप्त हो रही विशेष पिछडी जनजाती कमार भुंजिया के संरक्षण के लिए विशेष पहल किये जा रहे है लेकिन ये पहल केवल फाइलों में ही दिखलाई पडती हैं और ये विशेष पिछड़ी जनजाति ठगे से महसुस कर रहे है।ऐसा ही मामला जिले के ग्राम आसरा में देखने को मिला।जहां जिले में शासकीय पट्टे की जमीन के राजस्व अभिलेखों में नाम परिवर्तन और कथित तौर पर जमीन की रजिस्ट्री कराए जाने का मामला सामने आया है।इस संबंध में आवेदक बुधराम ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर मामले की जांच कराने और उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

आवेदन के अनुसार,बुधराम के चाचा बिसराम,जाति कमार, निवासी ग्राम आसरा,तहसील छुरा,को वर्ष 1995-96 में शासन की ओर से भूमि का पट्टा प्राप्त हुआ था। आवेदन में खसरा नंबर 578 की लगभग 1.37 हेक्टेयर भूमि का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि बिसराम अपने जीवनकाल में इस जमीन पर खेती-किसानी करते रहे।चाचा की मृत्यु के बाद से आवेदक का कहना है कि वह उक्त भूमि पर काबिज होकर खेती कर रहा है।

आवेदक ने आरोप लगाया है कि गांव में पटवारी द्वारा किए गए सर्वे के दौरान संबंधित भूमि बिसराम के नाम के स्थान पर तिलकराम ध्रुव,पिता खेलन राम ध्रुव,निवासी ग्राम जेंजर,तहसील राजिम के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर जब उसने मामले की पड़ताल शुरू की, तो कथित तौर पर पता चला कि बिसराम की पत्नी फूलमत बाई ने अपने दूसरे पति उज्ज्वल कुमार के पक्ष में उक्त भूमि की बिक्री से संबंधित रजिस्ट्री कराई है।

आवेदन में यह भी कहा गया है कि बिसराम की मृत्यु करीब 28-29 वर्ष पहले हो गई थी। इसके बाद फूलमत बाई ने दूसरी शादी कर ली थी। आवेदक का दावा है कि वह अपने चाचा की देखरेख और सेवा करता था तथा उनके अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी भी उसी ने निभाई थी।ऐसे में भूमि के राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किए जाने और उसके हस्तांतरण की प्रक्रिया पर उसने सवाल उठाए हैं।

आवेदक ने यह भी उल्लेख किया है कि फूलमत बाई के दूसरे पति के नाम ग्राम कोसमपानी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2023-24 में पक्का मकान बनाया गया है।उसका आरोप है कि इसके बावजूद मृतक बिसराम से संबंधित भूमि के राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज कर जमीन का हस्तांतरण किया गया।

आवेदक ने प्रशासन से मांग की है कि शासकीय पट्टे की भूमि के राजस्व अभिलेखों में हुए नामांतरण,भूमि की रजिस्ट्री तथा संबंधित दस्तावेजों की जांच कराई जाए और नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाए।

अब जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि भूमि के नामांतरण और रजिस्ट्री की प्रक्रिया नियमानुसार हुई है या नहीं। फिलहाल आवेदन में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है तथा संबंधित पक्षों और अधिकारियों का पक्ष सामने आना बाकी है।

शासकीय पट्टे की जमीन की रजिस्ट्री निरस्त करने और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग,,,,,आवेदन में आरोप लगाया गया है कि बिक्री पत्र में गवाह के रूप में हस्ताक्षर करने वाले लोगों ने कथित तौर पर आपसी मिलीभगत से शासकीय पट्टे की भूमि की बिक्री करवाकर आर्थिक लाभ कमाया।शिकायत के अनुसार, फुलमत बाई एवं जमीन दलालों ने गवाहों के साथ मिलकर 26 अप्रैल 2026 को फौत दर्ज कराते हुए फुलमत बाई का नाम भूमि स्वामी के रूप में राजस्व अभिलेखों में दर्ज करवाया। शिकायतकर्ता का दावा है कि उक्त तिथि में फुलमत बाई अपने पति उज्ज्वल कुमार के साथ रह रही थीं।

आवेदन में ग्राम आसरा,पटवारी हल्का नंबर 20, राजस्व निरीक्षक मंडल पाण्डुका,तहसील छुरा,जिला गरियाबंद स्थित खसरा नंबर 578/2, रकबा 1.37 हेक्टेयर भूमि का उल्लेख किया गया है। शिकायतकर्ता ने इस भूमि की रजिस्ट्री को शून्य घोषित करने तथा मामले में संलिप्त बताए गए लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

पंचायतों में विकास कार्यों की राशि में गड़बड़ी का आरोप, सचिवों की भूमिका पर उठे सवाल

स्वयं या परिजनों के नाम पर फर्म बनाकर राशि हस्तांतरण किए जाने की चर्चा,जांच से सामने आ सकती है हकीकत

गरियाबंद (विश्व परिवार)। गरियाबंद विकासखंड की कई ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के लिए आवंटित शासकीय राशि के उपयोग को लेकर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि कुछ पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर जारी राशि का नियमानुसार उपयोग करने के बजाय कथित तौर पर फर्मों के माध्यम से हस्तांतरण किया जा रहा है। इस पूरे मामले में कुछ पंचायत सचिवों की भूमिका को लेकर भी चर्चा हो रही है।

जानकारी के अनुसार,राज्य शासन और जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायतों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए प्रतिवर्ष लाखों रुपये आवंटित किए जाते हैं।इन राशियों का उद्देश्य गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विकास,निर्माण कार्य और जनहित से जुड़े कार्यों को पूरा करना है। लेकिन आरोप है कि कुछ पंचायतों में विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति और खर्च से संबंधित दस्तावेजों की जांच किए जाने पर अनियमितताएं सामने आ सकती हैं।

मामले में यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि कुछ पंचायत सचिव स्वयं अथवा अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर फर्म संचालित कर रहे हैं और पंचायतों में विकास कार्यों के लिए जारी राशि का भुगतान अपने फर्मों के नाम पर कराया जा रहा है। कुछ मामलों में जीएसटी नंबर का उपयोग किए जाने की बात भी सामने आ रही है। हालांकि, संबंधित फर्मों की वास्तविक स्थिति, जीएसटी पंजीयन की वैधता और उनके माध्यम से किए गए लेन-देन की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

यदि पंचायतों की राशि का भुगतान ऐसी फर्मों के माध्यम से किया जा रहा है, जिनका संचालन संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों या उनके परिजनों से जुड़ा है, तो यह जांच का महत्वपूर्ण विषय है। इसमें यह देखना आवश्यक होगा कि संबंधित फर्मों ने वास्तव में सामग्री की आपूर्ति या निर्माण कार्य किया है अथवा केवल दस्तावेजों के आधार पर भुगतान कराया गया है।

इस मामले में ग्राम पंचायतों के सरपंचों की जानकारी और भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।जांच में यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि संबंधित भुगतान सरपंचों की जानकारी और स्वीकृति से हुए हैं या नहीं।साथ ही पंचायत के प्रस्ताव,कार्यादेश, बिल-वाउचर,भुगतान अभिलेख और मौके पर हुए निर्माण कार्यों का मिलान किया जाना चाहिए,ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके।

फर्म और जीएसटी पंजीयन की जांच जरूरी,,,,,,,,,शासन द्वारा पंचायतों में विकास कार्यों की राशि के भुगतान को लेकर निर्धारित प्रक्रियाएं लागू हैं।ऐसे में यह जांच जरूरी है कि संबंधित फर्मों के नाम पर हुए भुगतान नियमों के अनुरूप हैं या नहीं।फर्मों के जीएसटी पंजीयन की स्थिति,बैंक खातों में हुए लेन-देन,सामग्री की आपूर्ति और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच से मामले की वास्तविकता सामने आ सकती है।

अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और गरियाबंद विकासखंड की पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर हुए भुगतान की जांच करता है या नहीं। यदि निष्पक्ष जांच होती है,तो यह स्पष्ट हो सकेगा कि कहीं शासकीय राशि के दुरुपयोग या वित्तीय अनियमितता की स्थिति तो नहीं है और यदि अनियमितता पाई जाती है,तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है,और उन पर क्या कार्यवाही किया जाता है।

चक्रवात की संभावना के मद्देनजर बस्तर में हाई अलर्ट

तटीय गांवों में मुनादी शुरू, एनडीआरएफसहित सहायता बल तैनात

राहत शिविरों में नोडल अधिकारी सक्रिय और 24 घंटे हेल्पलाइन जारी

जगदलपुर/ मौसम विभाग द्वारा 27 से 29 अक्टूबर के दौरान उत्तरी आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्रों में भीषण चक्रवाती तूफान के लैंडफॉल की चेतावनी जारी किए जाने के बाद बस्तर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय हो गया है। चक्रवात के असर से क्षेत्र में बारिश तथा बाढ़ की गंभीर आशंका को देखते हुए कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा आपदा प्रबंधन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। किसी भी आपात स्थिति से त्वरित गति से निपटने और राहत व बचाव कार्यों के सुचारू समन्वय के लिए जिला कार्यालय की नाजिर शाखा के पास 24 घंटे संचालित होने वाला विशेष बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इस कंट्रोल रूम में 26 से 31 अक्टूबर तक अधिकारियों और कर्मचारियों की चार पालियों में चौबीसों घंटे तैनाती सुनिश्चित की गई है, जो केंद्रीय जल आयोग के सतत संपर्क में रहकर इंद्रावती नदी के जलस्तर और क्षेत्र में हो रही बारिश पर निरंतर नजर बनाए रखेंगे।

जिला प्रशासन द्वारा आपदा प्रबंधन कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले में अधीक्षक भू-अभिलेख और अनुविभागीय अधिकारियों सहित विभिन्न तहसीलों के 13 नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इसके साथ ही इंद्रावती, मार्कण्डी और नारंगी नदियों के तटीय तथा निचले इलाकों में स्थित दर्जनों गांवों को अति-संवेदनशील मानते हुए विशेष निगरानी में रखा गया है, जिनमें जगदलपुर, बकावण्ड, लोहण्डीगुड़ा और बस्तर तहसील के अंतर्गत आने वाले तटीय ग्रामीण क्षेत्र प्रमुख हैं। प्रशासन द्वारा संभावित प्रभावित इलाकों में लगातार मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। बाढ़ अथवा जलभराव की स्थिति निर्मित होने पर प्रभावित परिवारों को तत्काल सुरक्षित स्थानों पर भेजने के लिए 18 से अधिक प्राथमिक शाला भवनों, सामाजिक भवनों, मंगल भवनों और धर्मशाला इत्यादि को राहत शिविर के रूप में पूरी तरह तैयार कर लिया गया है। आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता मुहैया कराने के उद्देश्य से इन सभी राहत शिविर स्थलों पर नोडल अधिकारियों की तैनाती कर उन्हें पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है, ताकि भोजन, पेयजल और चिकित्सा जैसी बुनियादी नागरिक सुविधाएं निर्बाध रूप से उपलब्ध रह सकें।

जिले के मैदानी स्तर पर बचाव एवं राहत कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नगर सेना और एसडीआरएफ के साथ-साथ एनडीआरएफ की टीम भी पूरी तरह तैनात रहेगी। अत्याधुनिक जीवनरक्षक संसाधनों से लैस बचाव दलों को हाई-पावर मोटर बोट्स, लाइफ जैकेट्स, लाइफ बॉय, अंडरवाटर रेस्क्यू सिस्टम, पोर्टेबल फ्लोटिंग पंप, कटर और गैस डिटेक्टर जैसी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई है, ताकि किसी भी विपरीत परिस्थिति में तत्काल मोर्चा संभाला जा सके। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश देने के साथ ही आम नागरिकों की सहायता के लिए आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की सूची भी जारी कर दी है। जिसके तहत किसी भी आपात स्थिति, जलभराव अथवा सहायता के लिए नागरिक जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 07782223122 पर चौबीसों घंटे संपर्क कर सकते हैं।

इसके अलावा प्रशासनिक समन्वय व सहयोग के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर श्री दिलेराम डाहिरे (9827152283), नगर सेना जगदलपुर के जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी श्री संतोष कुमार मार्बल (7974743964), जगदलपुर के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री मनीष वर्मा (9406349496), बस्तर के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री अजय कुमार शतरंज (8717902544), लोहण्डीगुड़ा की अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुश्री नंदनी साहू (7898632929), तोकापाल के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री सत्येन्द्र कुमार बंजारे (7898748891) तथा बकावण्ड के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री अमित बेक (8659966210) से संपर्क साधा जा सकता है। साथ ही स्थानीय स्तर पर त्वरित सहायता के लिए जगदलपुर तहसीलदार श्री राहुल गुप्ता (6263550976), तोकापाल तहसीलदार श्रीमती यशोदा केतारप (9424297984), बास्तानार तहसीलदार श्री पुष्पराज मिश्रा (9174081224), दरभा तहसीलदार श्री सुनील कुमार ध्रुव (9399163436), लोहण्डीगुड़ा तहसीलदार श्री कैलाश पोयाम (8770723024), बकावण्ड तहसीलदार श्रीमती जागेश्वरी गावड़े (8817274350), बस्तर तहसीलदार श्रीमती जॉली जेम्स (9424291946), भानपुरी तहसीलदार श्री जीवेश शोरी (9406422812), नानगुर तहसीलदार श्रीमती दिपिका देहारी (9425596378) और करपावण्ड तहसीलदार श्री पंकज बघेल (7879119049) के मोबाइल नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें, मुनादी में दिए जा रहे सुरक्षा निर्देशों का कड़ाई से पालन करें और संकट की स्थिति में सीधे नियंत्रण कक्ष अथवा संबंधित स्थानीय अधिकारियों से संपर्क करें।

बारूला में अवैध शराब का मुद्दा गरमाया, SC/ST एक्ट के केस की निष्पक्ष जांच की मांग

महिला कमांडो और ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, स्वककोसौंपा ज्ञापन; शराबबंदी से लेकर कानून के कथित दुरुपयोग तक उठाए सवाल

गरियाबंद (विश्व परिवार:)। ग्राम पंचायत बारूला में कथित अवैध शराब निर्माण और बिक्री का मामला अब नए विवाद के केंद्र में आ गया है। गांव में शराबबंदी और सामाजिक शांति के लिए प्रयासरत ग्रामीणों एवं महिला कमांडो से जुड़े लोगों ने एससी/एसटी अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। पूर्व जनपद उपाध्यक्ष प्रवीण यादव और वर्तमान जनपद अध्यक्ष सोहन ध्रुव के नेतृत्व में ग्रामीण महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मामले की वास्तविकता सामने लाने और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की।

शराब के कथित मामले से शुरू हुआ विवाद, अब निष्पक्ष जांच की मांग- ग्रामीणों ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि गांव के मन्नूलाल नेताम एवं उनके परिवार के कुछ सदस्यों के विरुद्ध पूर्व में अवैध शराब निर्माण और बिक्री को लेकर शिकायतें तथा कार्रवाई संबंधी प्रकरण सामने आते रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में अवैध शराब की बिक्री रोकने और सामाजिक वातावरण बनाए रखने के लिए ग्राम समिति एवं महिला कमांडो लंबे समय से प्रयास कर रही हैं।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि हाल ही में महिला कमांडो से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मन्नूलाल नेताम के पुत्र कौशल नेताम को कथित तौर पर स्कूटी पर 12 लीटर अवैध शराब के साथ पकड़ा था। ग्रामीणों का आरोप है कि इसके बाद हुए विवाद के बीच गांव के कुछ प्रमुख व्यक्तियों और महिला कमांडो को सहयोग देने वाले लोगों के विरुद्ध एससी/एसटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया गया। ग्रामीणों ने इस प्रकरण में द्वेषपूर्ण शिकायत की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। हालांकि, इन आरोपों और घटनाक्रम की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

बयान, दस्तावेज और पुराने मामलों की जांच पर जोर- ग्रामीणों ने संतराम चक्रधारी, बलदराम चक्रधारी, प्रदीप यादव, प्रवीण यादव, नंदलाल यादव सहित अन्य लोगों के हितों की रक्षा की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए संबंधित पक्षों के बयान, प्रत्यक्षदर्शियों की जानकारी, उपलब्ध दस्तावेज और अवैध शराब से जुड़े पूर्व प्रकरणों की जांच की जानी चाहिए।

ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि एससी/एसटी अधिनियम के तहत दर्ज मामले की जांच कानून के अनुरूप और निष्पक्षता से कराई जाए। यदि जांच में किसी भी पक्ष की ओर से दुर्भावनापूर्ण आरोप लगाने या कानून के दुरुपयोग के तथ्य प्रमाणित होते हैं, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

गांव में शराबबंदी और शांति व्यवस्था का भी मुद्दा- ज्ञापन में केवल दर्ज प्रकरण की जांच ही नहीं, बल्कि ग्राम बारूला में कथित अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री पर रोक लगाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने और सामाजिक सद्भाव कायम रखने के लिए पुलिस प्रशासन को आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान सरपंच राधिका रानी दीवान, तिजेश्वरी सहित अनेक ग्रामीण महिलाएं और ग्रामीण मौजूद रहे। ज्ञापन में अंजनी, ललिता, मानकुंवर, डागेश्वरी, फुलेश्वरी, राधाबाई, शिवकुंवर, मोहनी, भानबाई, इंद्रा, रेखा, मथुरा, नागेश्वरी, भागवती, हेमबाई, डुमन देवी, बेन बाई, गिरजा, शांति बाई, प्रमिला, कौशिल्या, मीना, अनीता, तुलसी बाई, सावित्री, संतोषी, ममता, चंद्रिका, देवबाई, लीलाबाई, धनेश्वरी बाई, ज्योति, गीता बाई, उत्तराध्रुव, चन्द्रिका दीवान, दीपमाला, निगिता दीवान और कोमिन दीवान सहित अन्य ग्रामीणों के नाम शामिल हैं।

ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि पुलिस प्रशासन मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच करेगा। उनका कहना है कि जांच से वास्तविक स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए, ताकि निर्दोष लोगों के हितों की रक्षा हो सके और ग्राम बारूला में आपसी सद्भाव एवं कानून व्यवस्था बनी रहे। अब इस मामले में पुलिस प्रशासन की जांच और आगे की कार्रवाई पर ग्रामीणों की निगाहें टिकी हैं।

हमारे वनों की समृद्धि और मातृशक्ति के परिश्रम से तैयार उत्पाद बनें छत्तीसगढ़ की पहचान : मुख्यमंत्री

■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 'छत्तीसगढ़ हर्बल्स' के दिवाली गिफ्ट पैक का किया लोकार्पण

रायपुर (विश्व परिवार)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर के सिविल लाइन स्थित मुख्यमंत्री निवास में 'छत्तीसगढ़ हर्बल्स' के दिवाली गिफ्ट पैक का लोकार्पण किया। वन धन विकास केंद्रों से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित स्थानीय एवं हर्बल उत्पादों को आकर्षक गिफ्ट पैक के रूप में तैयार किया गया है। इस पहल से जहां छत्तीसगढ़ के गुणवत्तापूर्ण स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार मिलेगा, वहीं लघु वनोपज संग्राहकों और महिला स्व-सहायता समूहों की आजीविका को भी मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध वन संपदा हमारे लाखों वनवासी परिवारों की आजीविका का महत्वपूर्ण आधार है। हमारी सरकार का प्रयास है कि वनों से प्राप्त उपज का अधिक से अधिक मूल्य संवर्धन प्रदेश में ही हो और इसका सीधा आर्थिक लाभ वन उपज संग्राहकों तथा इससे जुड़े महिला समूहों तक पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन धन विकास केंद्रों के माध्यम से हमारी माताएं-बहनें स्थानीय वनोपज को प्रसंस्कृत कर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार कर रही हैं। इन उत्पादों को बेहतर पैकेजिंग, ब्रांडिंग और बाजार से जोड़कर हम उनके परिश्रम को नई पहचान और आय के बेहतर अवसर दे रहे हैं। 'छत्तीसगढ़ हर्बल्स' के दिवाली गिफ्ट पैक इसी दिशा में एक सार्थक पहल हैं।

उन्होंने प्रदेशवासियों से स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने का आह्वान करते हुए कहा कि जब हम छत्तीसगढ़ में बने उत्पादों को खरीदते और उपहार में देते हैं, तो उसका लाभ सीधे हमारे वनांचल के परिवारों और महिला स्व-सहायता समूहों तक पहुंचता है। स्थानीय उत्पादों को अपनाना हमारी परंपराओं, स्थानीय उद्यमिता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने में हमारी सहभागिता है।

उल्लेखनीय है कि 'छत्तीसगढ़ हर्बल्स' के दिवाली गिफ्ट पैक दो श्रेणियों—प्रीमियम और सामान्य-में तैयार किए गए हैं। प्रीमियम गिफ्ट पैक में नौ प्रकार के चयनित उत्पाद शामिल हैं। वहीं सामान्य गिफ्ट पैक में पांच प्रकार के उत्पाद रखे गए हैं।

आम नागरिक इन गिफ्ट पैक को छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ द्वारा संचालित 'संजीवनी' विक्रय केंद्रों से खरीद सकेंगे। इससे दिवाली पर उपहार देने की परंपरा को छत्तीसगढ़ के स्थानीय उत्पादों, महिला उद्यमिता और जनजातीय आजीविका से जोड़ने का अवसर मिलेगा।

वन संपदा के साथ छत्तीसगढ़ के पारंपरिक स्वाद का समावेश

दिवाली गिफ्ट पैक में प्रदेश की वन संपदा और स्थानीय स्वाद से जुड़े विविध उत्पादों को शामिल किया गया है। इनमें जामुन जूस, जामुन स्प्रेड, आंवला कैंडी, इमली कैंडी, कोदो और महुआ से बने कुकीज़, च्यवनप्राश, वाइल्ड फॉरेस्ट हनी, बस्तर के मसाला एवं नमकीन काजू, जशपुर की ग्रीन टी तथा एलोवेरा जेल जैसे उत्पाद शामिल हैं। इन उत्पादों में छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक संपदा, पारंपरिक खाद्य संस्कृति और महिला समूहों के उद्यम कौशल का सुंदर समावेश दिखाई देता है। स्थानीय वनोपज से तैयार इन उत्पादों की बेहतर पैकेजिंग और विपणन से 'छत्तीसगढ़ हर्बल्स' ब्रांड को भी नई पहचान मिल रही है।

नवापारा मण्डी में समर्थन मूल्य से 1552 रुपए महंगा बिका धान

■ नवापारा मंडी में श्रीराम धान नया 4652 रूपये में बिका इसी प्रकार आरबीगोल्ड और शांभा मासूरी 4000 रूपये ऊपर बिका

नवापारा-राजिम (विश्व परिवार)। कृषि उपज मण्डी समिति नवापारा में आज धान की नीलामी के समय किसानो ने सुखा बढ़िया धान कि बिक्री के दौरान मंडी सचिव रामलाल साहू ने बताया कि दशहरा के बाद से जहां धान की कटाई तेजी से चल रही है वही आज नवापारा मंडी में श्रीराम धान 4652 रूपये की बिकी हुई जो आज के सबसे ऊंचे दर पर हुआ जिसे आरोही ट्रेडर्स ने 4652 में खरीदी हुई। इसी प्रकार ओम थी 4472 आरबी गोल्ड 4050 शांभा मासरी 4032 आरबी गोल्ड 3876 रूपये वहीं ओमश्री 3900 के भाव में बिकी हुआ आज नवापारा मंडी नीलामी प्रभारी नेहा सोनवान एवं मंडी निरीक्षक सपन शर्मा ने बताया कि बाजार में चांवल का भाव आधिक होने पर नवापारा मण्डी में भी धान की खरीदी अब तक के सबसे ऊंचे दर 4652 के भाव में बिकी कर संभावता प्रदेश में सबसे अधिक दर पर बिकी होने का रिकार्ड बन रहा है। इसी प्रकार शांभा मासूरी 3998 रूपये वही आरबी गोल्ड 4050 में और सांभा मासूरी 4032 में बिकी हुआ जो एक रिकार्ड बना।

नवापारा मंडी के किसान दुधेश्वर वर्मा ग्राम धुमा का श्रीराम धान नया 4652 रूपये में बिकी हुआ जिस पर मंडी सचिव रामलाल साहू एवं अनुभाग अधिकारी बलदेव सिंह ध्रुव एवं नीलाम विभाग प्रभारी नेहा सोनवान, मंडी निरीक्षक सपन कुमार शर्मा सहित सभी कर्मचारियों ने किसान श्रीफ्ल एवं गुलाल लगाकर स्वागत किया। नवापारा मंडी धान की आवक दशहरा के बाद से आवक बढ़ी है वहीं किसानो ने बताया कि जिस किसानों को जैसी सुविधा मिल रही है। खरीफ फसल में हॉरवेस्टर एवं धान हाथ से कटाई तेजी से बढ़ गई है। किसान गुलाब सिंह वर्मा सुरसाबांधा, सूर्यकांत चेलक भटगांव, हेमंत साहू पांहदा, मनोहर बघेल गौंदलाबाहरा, तरूण साहू कोपरा, टिकेश सिंन्हा बोड़की, भूपेन्द्र साहू गयतरा बलौदाबाजार जिला एवं प्रकाश साहू पिपरौदा, ईश्वर सिन्हा आलेखुटा सहित अनेक किसानो ने आज मण्डी प्रांगण में बताया कि नवापारा मंडी में जल्दी ही धान कि बिकी हो जाती है और तत्काल तौलकर किसानो को पर्ची दी जा रही है।

डॉ. पुरुषोत्तम झा ने लिया प्राचार्य का प्रभार शा डी के महाविद्यालय में आये नये प्राचार्य

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। आज 27 अक्टूबर को शा डी के स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे डॉ पुरुषोत्तम झा ने प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया. वे शा महाविद्यालय कोमाखान जिला महासमुंद से स्थानांतरित हो कर आये है। वे पूर्व मे इसी महाविद्यालय मे गणित के प्राध्यापक रह चुके हैं और इसी महाविद्यालय से पदोन्नति पर प्राचार्य बन कर कोमाखान गए थे. अभी हाल ही मे छ ग शासन उच्चशिक्षा विभाग ने डी के महाविद्यालय को सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस घोषित किया है जिसके लिए योग्य प्राचार्य की आवश्यकता थी और कॉलेज को उस स्तर पर ले जाने मे शासन ने प्रो झा को उपयुक्त समझ उन्हें यहाँ स्थानांतरित किया है. अब इनके मार्गदर्शन मे महाविद्यालय का सर्वांगीण विकास होगा. निवृत्तमान प्राचार्य प्रो धनंजय मिश्रा ने नव पदस्थ प्राचार्य का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया. महाविद्यालय के प्रो हीरालाल शर्मा, विधि विभागाध्यक्ष डॉ नबी खान, जी आर कुर्रे, एस एल नेगी, अमृतलाल चौधरी, श्रीमती सुशीला गिलहरे, कार्यालय स्टाफके शीतल पटेल, चन्दर सिंह पैकरा, फूलचंद साहू, प्रभा पैकरा ने भी प्राचार्य झा का पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया. सेवा निवृत्त प्रा एस एम पाध्ये, जय नारायण केसरवानी, ए के उपाध्याय, राजेश मिश्रा भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

बैंक ऑफ बड़ौदा की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी बॉब सिक्योरिटीज एंड गिल्ट एज लिमिटेड

■ ने शुरु किया एनबीएफसी के रूप में परिचालन

मुंबई। भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी बॉब सिक्योरिटीज एंड गिल्ट एज लिमिटेड द्वारा गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी-एनडी-आईसीसी) के रूप में व्यवसाय आरंभ किए जाने की घोषणा की। यह पहल सरकारी प्रतिभूतियों और ऋण पूंजी बाजारों में अपनी उपस्थिति को सुदृढ़ करने की बैंक की कार्यनीति में एक महत्वपूर्ण मील स्तंभ है। एनबीएफसी के रूप में परिचालन के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान, बॉब सिक्योरिटीज एंड गिल्ट एज लिमिटेड ने अपने कॉर्पोरेट नामकरण और लोगो का अनावरण किया और अपनी आधिकारिक वेबसाइट www.bobgiltedge.in का शुभारंभ किया। विशिष्ट कार्यक्षमताओं के माध्यम से बॉब ग्रुप को सुदृढ़ करने, व्यवसायों का दायरा बढ़ाने और एक विविधतापूर्ण वित्तीय सेवा प्रदाता संस्थान के रूप में स्थापित करने के बैंक के दृष्टिकोण के अनुरूप 'बॉब सिक्योरिटीज एंड गिल्ट एज लिमिटेड' का शुभारंभ किया गया है। डॉ. देबदत्त चांद, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने कहा, बॉब सिक्योरिटीज एंड गिल्ट एज लिमिटेड बैंक के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यनीतिक पहल है। एनबीएफसी के रूप में परिचालन की शुरुआत सरकारी प्रतिभूतियों और ऋण पूंजी बाजारों में हमारी उपस्थिति को सुदृढ़ करने की आधार शिला है। कंपनी बाजार निर्माण और संबंधित गतिविधियों के माध्यम से भारत के वित्तीय बाजारों के विकास और उन्हें सुदृढ़ बनाने में योगदान देगी, मार्केट एफिशिएंसी में वृद्धि करेगी और बड़े स्तर पर निवेशकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करेगी जिसमें भा.रि.बैंक रिटेल डायरेक्ट प्लेटफॉर्म के माध्यम से भागीदारी भी शामिल है।

गहरे दलदल में फंसी भैंस के लिए देवदूत बनी भिलाई निगम की टीम

■ कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित निकाला बाहर

भिलाईनगर (विश्व परिवार)। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में आज एक भैंस के गहरे दलदल में फंस जाने की घटना सामने आई। दलदल में फंसी भैंस को बाहर निकालने के लिए नगर निगम की टीम ने तत्परता दिखाते हुए राहत एवं बचाव कार्य किया। काफी मशक्कत और प्रयासों के बाद निगम की टीम ने भैंस को सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता प्राप्त की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोसानाला क्षेत्र में भैंस खटाल संचालित करने वाले मुकुल की रानी नामक भैंस अचानक गहरे दलदल में फंस गई थी। दलदल इतना गहरा था कि भैंस अपने आप बाहर नहीं निकल पा रही थी। ऐसी स्थिति में भैंस की जान को खतरा बना हुआ था। घटना की जानकारी मिलने पर नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर भैंस को बाहर निकालने के लिए बचाव कार्य प्रारंभ किया। निगम की टीम ने काफी देर तक कड़ी मशक्कत करते हुए सावधानीपूर्वक भैंस को दलदल से बाहर निकाला। इस दौरान टीम ने पूरी सतर्कता बरती, ताकि बचाव कार्य के दौरान भैंस को किसी प्रकार की चोट न पहुंचे। अंतत निगम कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास से रानी नामक भैंस को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

नगर निगम की इस सराहनीय पहल से एक बेजुबान पशु की जान बच गई। भैंस के सुरक्षित बाहर निकलने से उसके मालिक मुकुल ने राहत की सांस ली। नगर निगम भिलाई द्वारा नागरिक सुविधाओं, स्वच्छता एवं जनसुरक्षा के साथ-साथ पशुओं की सुरक्षा के लिए भी तत्परता से कार्य किया जा रहा है।

अंजनी स्थित वेद माता गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में डिजिटल ई-ऑफरिंग मशीन लगाई गई

धमतरी (विश्व परिवार)। डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने की पहल के तहत, इंडियन ओवरसीज बैंक (संक्रा शाखा) ने धमतरी जिले के नगरी (रानीगांव) स्थित वेद माता गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में भक्तों की सुविधा के लिए एक डिजिटल ई-ऑफरिंग मशीन लगाई है। इस सुविधा के शुरू होने से, मंदिर आने वाले भक्त अब UPI, QR कोड और अन्य डिजिटल भुगतान माध्यमों के जरिए आसानी से और सुरक्षित रूप से दान दे सकेंगे। डिजिटल दान की इस सुविधा से नकद राशि साथ रखने या संभालने की जरूरत कम होगी, और दूर-दराज से आने वाले भक्तों के लिए भी दान देना आसान हो जाएगा।

इस पहल के माध्यम से, इंडियन ओवरसीज बैंक धार्मिक स्थलों पर डिजिटल बैंकिंग और कैशलेस लेन-देन को बढ़ावा देना चाहता है, साथ ही सरल, सुरक्षित और पारदर्शी डिजिटल भुगतान समाधानों के व्यापक उपयोग को प्रोत्साहित करना चाहता है। इस डिजिटल ई-ऑफरिंग मशीन का उद्घाटन मंदिर समिति के प्रतिनिधियों और इंडियन ओवरसीज बैंक के अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

संवैधानिक अधिकारों, सामाजिक न्याय एवं आरक्षण की रक्षा के लिए राजनांदगांव में जुट हजारों लोग

राजनांदगांव। भारतीय संविधान में प्रदत्त सामाजिक न्याय, समान अवसर, आरक्षण एवं सामाजिक प्रतिनिधित्व के अधिकारों की रक्षा के लिए आज राजनांदगांव में 'आरक्षण बचाओ रैली 2.0' का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ के जेन-ज़ी युवा वर्ग के आह्वान पर आयोजित इस रैली में राजनांदगांव, मानपुर-मोहला, खैरागढ़ सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लगभग 5,000 लोगों ने भाग लिया। रैली में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के संवैधानिक अधिकारों, आरक्षण व्यवस्था, शिक्षा, रोजगार, सामाजिक प्रतिनिधित्व तथा आजीविका से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। रैली में शामिल लोगों ने कहा कि संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, न्याय एवं सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार दिया है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक उत्थान के लिए किए गए संवैधानिक प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना शासन की जिम्मेदारी है।

अनुपम गार्डन महावीर पार्क का शीघ्र सौंदर्यीकरण कार्य सुनिश्चित करें : मूणत

■ महापौर मीनल चौबे सहित अनुपम गार्डन की व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण

रायपुर (विश्व परिवार)। रायपुर पश्चिम विधायक एवं प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री राजेश मूणत ने रायपुर नगर पालिक निगम जोन 7 अधिकारियों को राजधानी शहर में जीईमार्ग पर स्थित नगर निगम रायपुर के अनुपम गार्डन महावीर पार्क की व्यवस्था सुधारकर उसका जनअपेक्षित रूप से शीघ्र सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य करवाने डीपीआर तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने अनुपम गार्डन की व्यवस्था का औचक निरीक्षण नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे सहित किया. रायपुर पश्चिम विधायक ने जोन 7 जोन कमिश्नर डॉ तृप्ति पाणीग्रही, जोन 7 उपअभियंता अर्जिता दीवान, जिज्ञासा जैन, विक्रम सिंह ठाकुर को अनुपम गार्डन का शीघ्र विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य करवाने डीपीआर बनाकर योजना के प्रस्तावों पर प्रस्तुतिकरण करवाना शीघ्र प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करवाने निर्देशित किया है। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत और महापौर मीनल चौबे द्वारा अनुपम गार्डन की व्यवस्था के औचक निरीक्षण के दौरान नगर निगम रायपुर के सभापति सूर्यकान्त राठौड़, सहित गणमान्यजन, सामाजिक कार्यकर्तागण की उपस्थिति रही।

रायपुर छत्तीसगढ़ की डॉ. प्रिया गुप्ता को मिली मानद डॉक्टरेट की उपाधि

रायपुर (विश्व परिवार)। रायपुर छत्तीसगढ़ की जानी-मानी शिक्षाविद और समाज सेविका डॉ. प्रिया गुप्ता को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्था Phhd Magic Book of Record Foundation द्वारा मानद डॉक्टरेट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें FIELD: SOCIAL WELFARE & EDUCATION के क्षेत्र में समाज के प्रति उनकी विशिष्ट सेवा, अनुकरणीय योगदान और उत्कृष्ट उपलब्धियों को देखते हुए प्रदान किया गया है। डॉ. प्रिया गुप्ता को यह सम्मान एक भव्य राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया।

समारोह में सम्मानित अतिथिगण के रूप में

मुख्य अतिथि -. डॉ वर्णिका शर्मा (अध्यक्ष, बाल आयोग, राज्य मंत्री दर्जा), श्री सुनील सोनी (विधायक, रायपुर दक्षिण), श्री सुधीर गौतम (छ.ग. राज्य शिक्षा आयोग), श्री प्रभात मिश्रा (अध्यक्ष, राजभाषा आयोग), विशेष रूप से उपस्थित रहे।

विधायक भावना बोहरा ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

■ वनांचल क्षेत्र के किसानों और व्यापारियों को मिलेगा सीधा लाभ

कवर्धा (विश्व परिवार)। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार को लेकर प्रतिबद्ध पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से निरंतर विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। विधायक भावना बोहरा ने पांडातराई मंडल अंतर्गत 6 करोड़ 54 लाख 48 हजार रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक भावना बोहरा ने 6 करोड़ 12 लाख 10 हजार की लागत से भगतपुर से घोघरा तक 3.50 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग रही इस सड़क के निर्माण से भगतपुर, घोघरा, मिन्झौरी, खैरझिटी और वनांचल क्षेत्र कुई-कुकदुर सहित आस-पास के कई ग्रामवासियों को सीधा लाभ मिलेगा। विशेषकर इन क्षेत्रों में सब्जी की फसल उत्पादन करने वाले किसानों व व्यापारियों को अब पांडातराई तक सीधे कनेक्टिविटी मिलेगी इसके साथ जिला मुख्यालय आने-जाने में भी लम्बी दूरी तय करके जाने की असुविधा से भी छुटकारा मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम पाढ़ी में 11 लाख 69 हजार की लागत से आंगनबाड़ी भवन एवं 5 लाख रु. की लागत से निर्मित अटल डिजिटल सेवा केंद्र तथा ग्राम खैरझिटी पुराना में 11 लाख 69 हजार की लागत से आंगनबाड़ी भवन, 14 लाख रु की लागत से चेकडेम निर्माण का लोकार्पण किया। इन विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होने के साथ ही महिलाओं एवं नौनिहालों को सुविधाजनक सेवाएं तथा डिजिटल सेवाओं की सुविधा उपलब्ध होंगी।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा का सर्वांगीण विकास और प्रत्येक गांव तक मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। हमारा प्रयास है कि पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्रों से लेकर हर गांव-गांव तक सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं पहुंचे, जिससे आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की डबल इंजन भाजपा सरकार जनहित को सर्वोपरि रखते हुए विकास कार्यों को निरंतर गति दे रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले प्रत्येक परिवार को बेहतर सुविधाएं मिलें और विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। भगतपुर से घोघरा तक सड़क निर्माण से ग्रामीणों, किसानों और व्यापारियों को आवागमन की सुविधा मिलेगी, वहीं आंगनबाड़ी भवनों के माध्यम से बच्चों और महिलाओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध होंगी। खैरझिटी पुराना में चेकडैम का निर्माण जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ये सभी कार्य ग्रामीणों की आवश्यकताओं और क्षेत्र की विकास संबंधी प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण हैं। विधायक भावना बोहरा ने आगे कहा कि पंडरिया विधानसभा में विकास और जनसुविधाओं के विस्तार का यह सिलसिला निरंतर जारी रहेगा। हमारा संकल्प है कि प्रत्येक गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए क्षेत्र को शिक्षा, आधारभूत संरचना, कृषि और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाए।

भाजपा सरकार में जब जनप्रतिनिधियों की आवाज अनसुनी, तो जनता को न्याय कैसे मिलेगा : उपाध्याय

रायपुर (विश्व परिवार)। पूर्व संसदीय सचिव एवं छाया सांसद विकास उपाध्याय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भारतीय जनता पार्टी के शासन में यदि सांसदों की समस्याओं और मांगों पर सुनवाई नहीं हो रही है, तो आम जनता की पीड़ा और शिकायतों का क्या हाल होगा? यह सवाल प्रदेश की शासन व्यवस्था और जनप्रतिनिधियों के प्रति सरकार के रवैये पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। उपाध्याय ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी स्मृति इरानी के सामने पूर्व विधायक-सांसद के बाद वर्तमान सांसदों ने मंत्रियों के खिलाफशिकायतों का पिटारा खोल दिया। छत्तीसगढ़ की भारतीय जनता पार्टी की सरकार में उनके ही पार्टी के सांसदों ने आरोप लगाया है कि सत्ता काबिज मंत्री ही उनकी सिफारिशें नहीं सुन रहे। कोई भी काम इनके कहने पर नहीं किया जाता, सांसदों का यह भी कहना है कि भाजपा कार्यकर्ता ही सांसदों से कह दे रहे हैं कि आप सिर्फ पत्र लिख दीजिए।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना
ई-निविदा सूचना क्रमांक-WRSR-09-26-27-OT-PRESS200, दिनांक 23/10/2026
कार्य का नामः- ओपन टेंडर के जरिए, WRS/Raipur में बाहरी एजेंसी द्वारा हिंदुस्तान हाइड्रोलिक्स की 200T क्षमता वाली हाइड्रोलिक प्रेस मशीन (7PH/7) की एक बार की मरम्मत। **अनुमानित निविदा मूल्यः** रु. 9,75,506/- (रुपये नौ लाख पचहत्तर हजार पांच सौ छह मात्र) जीएसटी @ 18% सहित। **मात्रा और संविदात्मक अवधिः** संलग्न अनुलग्नक परिशिष्ट के अनुसार **तीन (03)** महीने की अवधि में। **बयाना राशि (रू):** रु. 19,500/- (रुपये उन्नीस हजार पाँच सौ मात्र)। **निविदा समाप्ति तिथि और समयः** 25/11/2026 को 15:00 बजे। **बिड प्रारंभ की तारीखः** 11/11/2026, **पात्रता मापदंड-** वेबसाइट पर देखा जा सकता है।
इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नही किया जाएगा। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
उप. मुख्य यांत्रिक इंजीनियर
पीआर/आर/डब्ल्यूआरएस/एएन/250 द.पू.म.रेलवे रायपुर
South East Central Railway @secrail

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

पर्यटकों के लिए कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान खुला

जगदलपुर। जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान अंतर्गत गुफाएं एवं अन्य पर्यटन स्थल आगामी 15 जून 2027 तक आम पर्यटकों के लिए खुले रहेंगे। साथ ही कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित तीरथगढ़ जलप्रपात पर्यटकों के अवलोकन हेतु नियमित तौर पर खुला रहेगा। उक्त जानकारी देते हुए निदेशक कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जगदलपुर ने बताया कि गुफा में प्रवेश करने हेतु निर्धारित समय सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा।

रोगियों की सेवा को पुण्य कार्य मानकर पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता से निभाएं अपना दायित्व : सीएम साय

- प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

रायपुर (विश्व परिवार)। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और प्रत्येक नागरिक तक बेहतर उपचार की पहुंच सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। स्वस्थ नागरिक ही सशक्त समाज और विकसित छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव हैं। हमारी सरकार का प्रयास है कि शहरों के साथ-साथ गांवों, जनजातीय अंचलों और दूरस्थ क्षेत्रों में भी लोगों को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर के सिविल लाइंस स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न संवर्गों में नवनियुक्त 520 कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सभी नवनियुक्त कर्मचारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सेवाभाव, संवेदनशीलता और पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में सेवा का अवसर मिलना अपने आप में एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। अस्पताल आने वाला प्रत्येक व्यक्ति और उसका परिवार स्वास्थ्यकर्मियों की ओर बड़ी आशा और विश्वास से देखता है। ऐसे में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े प्रत्येक कर्मचारी की जिम्मेदारी केवल अपने शासकीय दायित्वों के निर्वहन तक सीमित नहीं है, बल्कि मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार और सेवाभाव भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त कर्मचारियों से कहा कि रोगियों की सेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं है। आप अपनी ड्यूटी को केवल नौकरी न मानें, बल्कि

जनसेवा और पुण्य का कार्य समझकर पूरी ईमानदारी, मनोयोग और समर्पण से कार्य करें। आपके अच्छे व्यवहार, तत्परता और सेवाभाव से मरीजों और उनके परिजनों का स्वास्थ्य व्यवस्था के प्रति विश्वास और मजबूत होगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य जीवन में आगे बढ़ने और सफलता प्राप्त करने की पहली आवश्यकता है। स्वस्थ छत्तीसगढ़ से ही विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण संभव है। जब हमारे नागरिक स्वस्थ होंगे, तभी वे अपनी पूरी क्षमता के साथ परिवार, समाज और प्रदेश की प्रगति में योगदान दे सकेंगे। इसी सोच के साथ राज्य सरकार स्वास्थ्य अधोसंरचना के विस्तार के साथ मानव संसाधन की उपलब्धता बढ़ाने पर भी लगातार कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद बीते 25 वर्षों में स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। राज्य सरकार इस यात्रा को और गति देते हुए नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विकास, आवश्यक उपकरणों और संसाधनों की उपलब्धता तथा स्वास्थ्य अमले को मजबूत करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। हमारा लक्ष्य ऐसी स्वास्थ्य व्यवस्था विकसित करना है, जिसमें प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को आवश्यकता के समय सुलभ और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके।

14 जिलों में सेवाएं देंगे 520 नवनियुक्त स्वास्थ्यकर्मी

स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न संवर्गों के कुल 520 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों में स्टाफ नर्स के 208, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष के 95, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला के 94, फार्मासिस्ट के 25, वार्ड बॉय के 50 तथा वार्ड आया के 48 पद शामिल हैं। नवनियुक्त कर्मचारी प्रदेश के 14 जिलों में अपनी सेवाएं देंगे। इन नियुक्तियों से संबंधित जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन के लिए आवश्यक मानव संसाधन की उपलब्धता बढ़ेगी और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जिन 14 जिलों में नवनियुक्त कर्मचारियों को सेवाएं देनी हैं, उनमें अधिकांश जिले जनजातीय बहुल हैं। इसलिए उनकी जिम्मेदारी और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के निरंतर विस्तार से सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहे हैं। राज्य सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि भौगोलिक दूरी किसी भी नागरिक के लिए बेहतर इलाज प्राप्त करने में बाधा न बने।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दूरस्थ और जनजातीय क्षेत्रों में सेवा देने वाले स्वास्थ्यकर्मी सरकार और आम जनता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इन क्षेत्रों में सेवाभाव और संवेदनशीलता के साथ किया गया कार्य अनेक परिवारों के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। उन्होंने नवनियुक्त कर्मचारियों से कहा कि जहां भी उनकी पदस्थापना हो, वहां लोगों के विश्वास पर खरा उतरते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

जयपुर राजस्थान में आयोजित 46 NTPC जूनीयर नेशनल आर्चरी चैम्पियनशीप

रायपुर (विश्व परिवार)। इंडियन राउण्ड में बालक वर्ग विक्रम राज ने छत्तीसगढ़ से प्रतिनिधित्व करते हुए विक्रम राज ने ओवरआल रैंक 671 पांईट के साथ गोल्ड मेडल हासिल किया है। इन खिलाड़ीयों के प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी संघ के वरिष्ट पदाधिकारी श्री कैलाश मुरारका जी, छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी संघ के महासचिव श्री आयुश मुरारका जी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग उप संचालक श्री एक्का जी, सुशील अमलेश जी,, जय बैगा बाबा खेलकूद विकास समिति शिवतराई अध्यक्ष श्रीमती वंदना चंद्रशेखर उइके जी एवं समस्त खेल परिवार की ओर से हार्दिक बधाईया एंव शुभकामनांए प्रदान करती है।

कांग्रेस यानी 'झूठ और फरेब की फैक्ट्री' : डॉ. विजयशंकर मिश्रा

- जनता को गुमराह कर प्रदेश का माहौल बिगाड़ने की साजिश रच रही है कांग्रेस : डॉ. विजयशंकर मिश्रा

रायपुर (विश्व परिवार)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस अब केवल 'झूठ का पुलिंदा' बनकर रह गई है। उन्होंने कांग्रेस के आधिकारिक पत्राचार को सार्वजनिक करते हुए कहा कि कांग्रेस का एकमात्र उद्देश्य जनभावनाओं को भड़काना और छत्तीसगढ़ सहित देश का माहौल बिगाड़ना है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि अब समय आ गया है कि कांग्रेस का नाम बदलकर 'झूठी पार्टी' या 'भ्रम फैलाने वाला गिरोह' रख दिया जाना चाहिए, क्योंकि इनकी कथनी और करनी

में जमीन-आसमान का अंतर है।

जनता के सामने 'आंदोलन', कागजों में 'तीर्थ यात्रा'

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने कांग्रेस के दोहरे चरित्र को बेनकाब करते हुए रेलवे अधिकारियों को भेजे गए कांग्रेस के एक पत्र को सार्वजनिक किया। उन्होंने बताया कि पब्लिसिटी स्टंट के लिए कांग्रेस नेता मीडिया और जनता के सामने यह बयानबाजी कर रहे हैं कि केंद्र सरकार और रेलवे प्रशासन उनके 'राजनीतिक आंदोलन' से घबरा गया है, इसलिए उन्हें ट्रेनें नहीं दी जा रही हैं। जबकि हकीकत यह है कि कांग्रेस के ही एक महामंत्री द्वारा रेलवे विभाग को औपचारिक पत्र लिखकर 15 बोगियों की ट्रेन की मांग की गई है। उस आवेदन में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि उनके नेता 'तीर्थ यात्रा' के लिए दिल्ली जाना चाहते हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा कि एक तरफ जनता के बीच 'आंदोलन' और 'क्रांति' का ढोंग रचना और दूसरी तरफ चुपचाप कागजों में 'तीर्थ यात्रा' का बहाना बनाकर ट्रेन मांगना, यह इस बात का अकाट्य प्रमाण है कि कांग्रेस पार्टी झूठ, फरेब और ढोंग की बुनियाद पर खड़ी है। उन्होंने कहा कि एसआईआर जैसे संवेदनशील मुद्दे पर भी कांग्रेस ने लगातार अनर्गल बयानबाजी कर जनता के बीच भ्रम फैलाने का काम किया है।

भाजपा ने जनजाति गौरव दिवस के लिए बनाई टीम

- मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप एवं सांसद राधेश्याम राठिया बने समन्वयक

रायपुर (विश्व परिवार)। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव जी के निर्देशानुसार जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रदेश स्तर पर समन्वयक, संयोजक एवं सदस्यों की नियुक्ति की गई है। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ. नवीन मार्कंडेय ने बताया कि कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप एवं रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया को जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम हेतु समन्वयक बनाया गया है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. मार्कंडेय ने बताया कि बस्तर सांसद महेश कश्यप को कार्यक्रम का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। जबकि भाजपा अनुसूचित

जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह एवं छत्तीसगढ़ औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम को सह-संयोजक बनाया गया है। इसके साथ ही विधायक सुश्री लता उसेंडी, प्रणव मरपच्ची, रूपसिंह मंडावी, देवेन्द्र माहला एवं विजय जगत को जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम हेतु सदस्य नियुक्त किया गया है।

छत्तीसगढ़ के किसानों ने लंबित भुगतान की मांग को लेकर खोला मोर्चा

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ के किसानों ने लंबित भुगतान की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। छत्तीसगढ़ किसान संघ के अध्यक्ष सुदेश टीकम के नेतृत्व में दाम सत्याग्रह किसान भुगतान यात्रा शुरू हो गई है। इस यात्रा का मकसद सरकार से 6066 करोड़ रुपये के बकाया भुगतान को तत्काल जारी कराना है।

सुदेश टीकम ने कहा कि सबसे बड़ा त्योहार दिवाली नजदीक आ रहा है। ऐसे में किसानों को आर्थिक संकट से उबारने के लिए सरकार को तुरंत भुगतान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि भुगतान कराने के लिए चरणबद्ध तरीके से दाम सत्याग्रह की शुरुआत की गई है।

यात्रा 26 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक रायपुर से नारायणपुर तक चलेगी। इन सभी जिलों में किसान सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद ज्ञापन सौंपा जाएगा।

जानिए जिलेवार निर्धारित कार्यक्रम

26 अक्टूबर - रायपुर
27 अक्टूबर - धमतरी
28 अक्टूबर - कांकेर
29 अक्टूबर - कोंडागांव
30 अक्टूबर - जगदलपुर
31 अक्टूबर - नारायणपुर

किसान संघ के अध्यक्ष ने कहा कि 2024-25 में खरीदे गए 149 लाख टन धान का 117 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से 1743 करोड़ रुपये का भुगतान लंबित है। 2025-26 में खरीदे गए 141.04 लाख टन धान का 186 रुपये (117+69) प्रति क्विंटल के हिसाब से 2623 करोड़ रुपये बाकी हैं। राजीव गांधी किसान न्याय योजना का 1700 करोड़ रुपये का बकाया अभी भी लंबित है। इन तीनों को मिलाकर कुल 6066 करोड़ रुपये के भुगतान की मांग की जा रही है। किसान संघ ने इस साल धान का भुगतान 3358 रुपये प्रति क्विंटल की दर से करने और समर्थन मूल्य गारंटी कानून पास करने की भी मांग रखी है। सुदेश टीकम ने कहा कि किसान बार-बार मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार की तरफ से अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही।

रायपुर-अभनपुर रेल लाइन पर केंद्री रेलवे लेवल क्रॉसिंग सड़क यातायात के लिए बंद रहेगा

रायपुर (विश्व परिवार)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत रायपुर-अभनपुर रेल लाइन पर स्थित केंद्री रेलवे लेवल क्रॉसिंग क्रमांक आर.डी.-22 (किमी 31/6-7) पर आवश्यक एवं विशेष मरम्मत कार्य किया जाना है। इस कार्य के चलते उक्त रेलवे फाटक से सड़क यातायात अस्थायी रूप से बंद रहेगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, दिनांक 28 अक्टूबर 2026 को रात्रि 21:00 बजे से 29 अक्टूबर 2026 को सुबह 09:00 बजे तक रेलवे लेवल क्रॉसिंग क्रमांक आर.डी.-22 पर सड़क मार्ग से आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा।

रेलवे प्रशासन द्वारा संबंधित रेलवे फाटक पर सुरक्षित एवं सुचारु रेल परिचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह मरम्मत कार्य किया जा रहा है।

आम नागरिकों एवं सड़क उपयोगकर्ताओं से अनुरोध है कि उक्त अवधि में असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें तथा रेलवे प्रशासन को मरम्मत कार्य में सहयोग प्रदान करें।

महापौर मीनल चौबे के नेतृत्व में महिला स्वच्छता को बढ़ावा

- जोन कार्यालयों को मिली सेनेटरी पैड वेंडिंग एवं इंसिनरेटर मशीनें

रायपुर (विश्व परिवार)। मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन, महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण तथा सेनेटरी पैड की उपलब्धता एवं उनके स्वच्छ एवं वैज्ञानिक निस्तारण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज रायपुर नगर निगम द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई। स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने प्रमुख सुविधा प्रदाता (लीड फैसिलिटेटर) के रूप में निगम के विभिन्न जोन कार्यालयों हेतु सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन एवं इंसिनरेटर मशीनों का वितरण किया।

इन मशीनों की स्थापना से विशेष रूप से महिला सफाई मित्रों,

महिला कर्मचारियों तथा जोन कार्यालयों में विभिन्न सेवाओं के लिए आने वाली महिला नागरिकों को आवश्यकतानुसार सेनेटरी पैड की सहज उपलब्धता सुनिश्चित होगी। साथ ही उपयोग किए गए सेनेटरी पैड का वैज्ञानिक एवं सुरक्षित निस्तारण भी संभव हो सकेगा, जिससे स्वच्छता, स्वास्थ्य सुरक्षा और महिलाओं की गरिमा को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में अपर आयुक्त श्री विनोद कुमार पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता एवं स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी श्री योगेश कडु, समस्त जोन स्वास्थ्य अधिकारी तथा निगम के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को महिला स्वच्छता, स्वास्थ्य संरक्षण एवं जनहित की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। रायपुर नगर निगम महिलाओं के लिए सुरक्षित, सुलभ और सम्मानजनक स्वच्छता सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और समावेशी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

आधुनिक तकनीक एवं नवाचार से अधोसंरचना विकास को मिलेगी नई दिशाः ओपी चौधरी

- मंडल की राज्य स्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यशाला नवा रायपुर अटल नगर में हुई संपन्न

रायपुर (विश्व परिवार)। आवास एवं पर्यावरण सचिव, श्री अंकित आनंद, एवं आयुक्त श्री अवनीश कुमार शरण ने मण्डल की गतिविधियों तथा कार्यो के विस्तार के संबंध में, आई.आई.एम. रायपुर के डारेक्टर डॉ संजीव पराशर ने गुड गवर्नेंस, आई.आई.आई.टी. नवा रायपुर के प्रोफेशर डॉ श्रीनिवास के.जी. ने ए.आई. तथा एन.आई.टी. रायपुर के प्रोफेशर डॉ जी.डी.रामटेकर ने स्ट्रक्चरल डिजाईन पर अपने विचार साझा किये।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता, प्रशासनिक क्षमता और कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ संवाद के ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में आधुनिक निर्माण तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई), वित्तीय प्रबंधन, संपदा प्रबंधन, टाउन प्लानिंग स्कीम तथा सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पी.पी.पी) जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में मंडल को आर्थिक रूप से सुदृढ़, आत्मनिर्भर तथा बहुआयामी अधोसंरचना विकास संस्था के रूप में विकसित किया जा रहा है। मंडल की भूमिका अब केवल आवास निर्माण तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि सड़क, पुल, खेल परिसर, सार्वजनिक भवन, टाउन प्लानिंग और शहरी पुनर्विकास जैसी परियोजनाओं में भी बढ़ाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों से नवाचार, आधुनिक तकनीक और परिणामोन्मुखी कार्यसंस्कृति अपनाने का आह्वान किया।

मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि मण्डल के पास अनुभवी अभियंताओं, तकनीकी अधिकारियों, एवं कर्मचारियों का बड़ा मानव संसाधन उपलब्ध है। इस क्षमता का उपयोग केवल आवास निर्माण तक सीमित नही रहना चाहिए। मण्डल को सड़क, पुल-पुलिया, खेल परिसर, स्टेडियम, सार्वजनिक भवन और अन्य अधोसंरचना परियोजनाओं के निर्माण में भी विशेषज्ञ संस्था के रुप में अपनी पहचान बनानी होगी। उन्होने अधिकारियों को अन्य राज्यों की निविदाओं में भागीदारी करने और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। मंत्री श्री चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार के सहयोग से मंडल की लगभग 700 करोड़ रुपये की ऋण देनदारी समाप्त की गई है। वहीं, वन टाइम सेटलमेंट (ओ.टी.एस 2) योजना और प्रभावी विपणन प्रयासों से रिक्त संपत्तियों के विक्रय को गति मिली है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354